# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक

रांची, सोमवार, 22 जून 2026
संवत 2083, शुद्ध ज्येष्ठ शुक्ल 7 मूल्य-3 रुपये
वर्ष-9, अंक 278 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ राजनैतिक सुरक्षा और जनाक्रोश से बचने को दलबदल

माधुरी दीक्षित आज भी उन कलाकारों में शुमार है ◀◀ 6


अलकतरा घोटाला

# ठेकेदार झमन प्रसाद को 3 साल की जेल, एक लाख जुर्माना, 6 इंजीनियर साक्ष्य के अभाव में बरी




**संवाददाता**

**रांची :** अलकतरा (तारकोल) घोटाला मामले में रांची सीबीआई की विशेष अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए आरोपी कांट्रेक्टर झमन प्रसाद को 3 साल के कारावास और 1 लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि जुर्माना नहीं भरने पर उन्हें 6 महीने की अतिरिक्त जेल काटनी होगी। वहीं साक्ष्य के अभाव में कोर्ट ने तत्कालीन 4 कनीय अभियंता (जेई) और 2 सहायक अभियंता (एई) सहित कुल 6 इंजीनियरों को बरी कर दिया है। यह पूरा मामला साल 2009 का है। सीबीआईजांच के मुताबिक वर्ष 2005-2006 में भुरकुंडा-पतरातू के बीच 6 किलोमीटर सड़क के नवीकरण का कार्य किया गया था। नियमानुसार अलकतरा की खरीदारी सरकारी एजेंसी से की जानी थी लेकिन नियमों को ताक पर रखकर इसे निजी एजेंसी से खरीदा गया।

**सबूतों के आधार पर झमन प्रसाद को दोषी ठहराया गया:** सीबीआई की जांच में इस मामले में 20.23 लाख रुपए के घोटाले का खुलासा हुआ था जिसके बाद प्राथमिकी दर्ज की गई। मामले की सुनवाई के दौरान सीबीआई के विशेष लोक अभियोजक सुशील कुमार ने अदालत के समक्ष 14 गवाह पेश किए जिनके बयानों और सबूतों के आधार पर ठेकेदार झमन प्रसाद को दोषी ठहराया गया। इस मामले में कुल 7 आरोपियों ने ट्रायल का सामना किया था। बरी हुए आरोपियों में से एक, भुनेश्वर महतो, वर्तमान में पथ प्रमंडल गोड्डा में कनीय अभियंता के पद पर कार्यरत हैं जबकि अन्य पांच इंजीनियर सेवानिवृत्त हो चुके हैं।

## तमाड़ में 3. 9 किलो गांजा के साथ सैलून संचालक गिरफ्तार



**रांची:** तमाड़ थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक सैलून में छापेमारी कर 3.9 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। यह कार्रवाई मां होटल के पास पतरा जंगल जाने वाली सड़क किनारे स्थित सैलून दुकान में की गई।

पुलिस ने दुकान संचालक तीजनाथ हजाम (44 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में वह गांजा के संबंध में संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। बरामद गांजा को जब्त कर आरोपी के खिलाफ एनडीपीसी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

छिंदवाड़ा में बैतूल हाईवे पर पिकअप और ट्रक में टक्कर

# पांच की मौत, 20 घायल, मुख्यमंत्री ने जताया शोक, मुआवजे की घोषणा



**छिंदवाड़ा :** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा-बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार सुबह मजदूरों से भरी एक पिकअप वाहन की ट्रक से आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना तेज था कि पिकअप वाहन के परखच्चे उड़ गए। इस दौरान 5 लोगों की मौत की बात सामने आ रही है, जबकि 20 लोग घायल बताए जा रहे हैं।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस एवं प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य जारी है। घायलों को उपचार के लिए नजदीकी और जिला अस्पताल भेजा गया है।

सिविल सर्जन सुशील दुबे ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि अभी तक 5 लोगों की मौत की पुष्टि की है। मरने वालों में तीन महिलाएं और 2 पुरुष शामिल हैं, पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। जैसे ही हम लोगों को हादसे की जानकारी हुई, हमारी टीम इलाज के लिए तुरंत पहुंची थी। उन्होंने बताया कि सभी मजदूर मछेरा गांव के बताए जा रहे हैं। ये लोग कहां जा रहे थे और हादसा कैसे हुआ, इसकी जांच की जा रही है, साथ ही घालयों से भी पूछताछ की जाएगी, जिससे मामले की सही जानकारी मिल सके। सिविल सर्जन सुशील दुबे ने बताया कि इसमें से एक मजदूर की हालत गंभीर बनी हुई है, जिसको नागपुर रेफर किया जाएगा। घालयों और मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है, जिससे ही उनके परिजन आ जाएंगे आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर मौजूद है। हमारे 20 से 25 डॉक्टरों की टीम घालयों का इलाज कर रही है।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों को 4-4 लाख और गंभीर घायलों को 1-1 लाख रुपये एवं घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता देने की घोषणा की है।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, छिंदवाड़ा-बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग पर टेमनी खुर्द के समीप हुई सड़क दुर्घटना अत्यंत दुखद है। मेरी संवेदनाएं प्रभावित परिजनों के साथ हैं। मृतकों के परिवारजनों को 4-4 लाख रुपये, गंभीर घायलों को 1-1 लाख रुपये एवं घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। बाबा महाकाल दिवंगतों को शांति व शोकाकुल परिजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

## कतर के गैस प्लांट में बड़ा धमाका, 54 घायल , 18 लापता



**कतर/एजेंसी:** कतर के रास लाफान इंडस्ट्रियल सिटी में स्थित एक गैस प्लांट में बड़ा धमाका हो गया। इस हादसे में 54 लोग घायल हुए और 18 लोग लापता हैं।

कतर प्रशासन के अनुसार रास लाफान इंडस्ट्रियल सिटी में एक धमाका हुआ और फिर बड़े पैमाने पर आग लग गई। कंपनी ने कहा कि इमरजेंसी टीमें तुरंत मौके पर भेजी गईं और थोड़े समय बाद आग पर काबू पा लिया गया।

कतर के गृह मंत्रालय ने बयान में कहा कि धमाके में 54 लोग घायल हुए हैं, जबकि 18 लोग लापता हैं और उनकी तलाश की जा रही है।

मंत्रालय के अनुसार, धमाका एक 'तकनीकी हादसे' की वजह से हुआ। इससे गैस का कोई ऐसा रिसाव नहीं हुआ, जो आम लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा बने।

गृह मंत्रालय ने कहा, कतर इंटरनेशनल सर्च एंड रेस्क्यू ग्रुप, सिविल डिफेंस टीमों के साथ मिलकर लापता लोगों की तलाश कर रहा है। यह नहीं बताया गया कि धमाके से उस प्लांट को कोई नुकसान हुआ या नहीं, जो कतर के घरेलू बाजार में गैस सप्लाई करता है।

# राम मंदिर चढ़ावा विवाद: हाईकोर्ट ने जनहित याचिका पर तत्काल सुनवाई से किया इनकार




**लखनऊ:** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने सोमवार को अयोध्या स्थित राम जन्मभूमि मंदिर में प्राप्त चढ़ावे के कथित दुरुपयोग एवं वित्तीय अनियमितताओं की जांच की मांग वाली जनहित याचिका (पीआईएल) पर तत्काल एवं क्रम से हटकर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। अवकाशकालीन पीठ के न्यायमूर्ति पंकज भाटिया और न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार राय ने मौखिक रूप से कहा कि मामले में ऐसी कोई तात्कालिकता नहीं है, जिसके आधार पर इसे अन्य मामलों से पहले सुना जाए। यह टिप्पणी उस समय की गई जब याचिकाकर्ता मोहित अशोक ने अदालत के समक्ष मामले का उल्लेख करते हुए इसकी तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया। इस पर पीठ ने कहा कि उसके समक्ष पहले से ही बड़ी संख्या में मामले लंबित हैं और ऐसे में इस याचिका को क्रम से हटकर सुनने का कोई औचित्य नहीं बनता। पीठ ने यह भी मौखिक रूप से कहा कि राज्य सरकार पहले ही इस मामले में संज्ञान ले चुकी है और आवश्यक पहल कर रही है। ऐसे में तत्काल सुनवाई की कोई विशेष आवश्यकता प्रतीत नहीं होती। उल्लेखनीय है कि सोमवार को खंडपीठ के समक्ष 529 नए मामले सूचीबद्ध थे। वहीं, मोहित अशोक की जनहित याचिका वाद सूची में क्रम संख्या 392 पर पहले से सूचीबद्ध है। याचिका में राम मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए चढ़ावे की राशि के कथित गबन और वित्तीय अनियमितताओं की स्वतंत्र जांच कराने की मांग की गई है। साथ ही पूरे मामले का भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) से ऑडिट कराने का भी अनुरोध किया गया है। याचिकाकर्ता का आरोप है कि मंदिर में प्राप्त दान और चढ़ावे के प्रबंधन में वित्तीय अनियमितताएं हुई हैं। याचिका में मंदिर निधि के संचालन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए न्यायालय के हस्तक्षेप की मांग की गई है। हालांकि, खंडपीठ ने तत्काल सुनवाई की मांग खारिज करते हुए मामले के गुण-दोष पर कोई टिप्पणी नहीं की। अब याचिका पर उसकी निर्धारित क्रम संख्या के अनुसार सुनवाई होने की संभावना है।

## भरत तिवारी एनकाउंटर: सुप्रीम कोर्ट का तुरंत सुनवाई से इनकार, कहा- पहले रजिस्ट्रार के पास जाए



**नई दिल्ली/पटना:** भोजपुर के चर्चित भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर मामले में सुप्रीम कोर्ट से तत्काल सुनवाई की मांग को झटका लगा है।

शीर्ष अदालत ने इस मुठभेड़ से जुड़ी जनहित याचिका पर फौरन सुनवाई करने से मना कर दिया है। यह जनहित याचिका रविवार, 21 जून 2026 को सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता विशाल तिवारी द्वारा दायर की गई थी।

**सीबीआई से जांच कराने की मांग :** याचिकाकर्ता ने इस पूरी घटना को फर्जी एनकाउंटर करार देते हुए मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो से कराने की मांग की है। इसके साथ ही, उन्होंने घटना में शामिल पुलिसकर्मियों पर प्राथमिकी दर्ज करने और शीर्ष अदालत के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की देखरेख में एक स्वतंत्र जांच कमेटी बनाने की भी गुहार लगाई थी।

**तुरंत सुनवाई से इनकार :** सोमवार (22 जून, 2025) को जस्टिस बी। वी नागरत्ना और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने तुरंत सुनवाई से इनकार करते हुए याचिकाकर्ता को सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार के सामने मेंशनिंग करने का निर्देश दिया है।

## शुभेंदु सरकार के पहले बजट में खुला सौगातों का पिटारा कर्मचारियों के डीए में बढ़ोतरी समेत किए कई बड़े ऐलान



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने अपना पहला पूर्ण बजट पेश कर दिया है। वित्त मंत्री स्वप्न दासगुप्ता द्वारा पेश किए गए वित्तीय वर्ष 2026-27 के इस बजट में समाज के हर वर्ग को साधने की बड़ी कोशिश की गई है। सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में जबरदस्त बढ़ोतरी से लेकर महिलाओं, युवाओं और पत्रकारों तक के लिए सरकार ने अपना खजाना खोल दिया है। इस बजट के जरिए नई सरकार ने रोजगार, सुरक्षा, कल्याणकारी योजनाओं और तकनीक के मोर्चे पर कई बड़े और लोकलुभावन ऐलान किए हैं।

## महाराष्ट्र एमएलसी चुनाव में उद्धव और पवार गुट को झटका, बीजेपी ने 17 में से 10 सीटें जीतीं



**मुंबई:** महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव में 17 सीटों के नतीजे घोषित हो गए हैं। इस चुनाव में उद्धव और पवार गुट को बड़ा झटका लगा है। 6 सीटों ठाणे, यवतमाल, रायगढ़-रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग, पुणे, वर्धा-गढ़चिरौली-चंद्रपुर और अहिल्यानगर पर उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए।

बाकी सीटों पर बीजेपी ने सबसे ज्यादा 10 सीटें जीतकर अपना दबदबा कायम रखा। शिवसेना को 3, एनसीपी को 2 सीटें मिलीं, जबकि नासिक में बीजेपी के बागी निर्दलीय उम्मीदवार गोकुल गिते ने जीत हासिल की।

भाजपा के कई उम्मीदवारों ने जीत हासिल की, जिनमें नांदेड़ से अमर राजुरकर, नागपुर से राजीव पोतदार और अमरावती से प्रवीण पोटे शामिल हैं।

## तमिलनाडु: अमोनिया गैस रिसाव से मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई पांच



**तमिलनाडु :** तिरुवल्लूर के पास एक निजी कंपनी में अमोनिया गैस रिसाव से मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। तमिलनाडु विधानसभा में यह जानकारी देते हुए श्रम मंत्री परवेज ने कहा कि सभी मृतक महिला कर्मचारी थीं।

मंत्री ने बताया कि अमोनिया गैस रिसाव से 74 लोग प्रभावित हुए और इनमें से 42 को सरकारी और निजी अस्पतालों के आईसीयू में भर्ती किया गया है।

मंत्री के भाषण से पहले डीएमके और एआईएडीएमके समेत कई दलों ने अमोनिया गैस रिसाव हादसे पर विधानसभा में चर्चा की मांग की।

स्पीकर जेसीटी प्रभाकर ने इसे स्वीकार नहीं किया और कहा कि सदस्य इस पर तब बोल सकते हैं जब उन्हें मौका दिया जाएगा।पुलिस इस हादसे की जांच कर रही है। इस बीच, ज़िला प्रशासन ने अमोनिया गैस रिसाव से प्रभावित निजी कंपनी कर्मचारियों के लिए एक विशेष मेडिकल कैंप का आयोजन किया है।

# शांति वार्ता के बीच राष्ट्रपति ट्रंप की धमकी होर्मुज स्ट्रेट बंद किया, तो नहीं बचेगा ईरान



**तेहरान/वाशिंगटन डीसी/ एजेंसी:** ईरान और अमेरिका में शांति वार्ता के बीच खाड़ी क्षेत्र में तनाव एक बार फिर चरम पर पहुंच गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी कि वह लेबनान में अपने समर्थक संगठन हिजबुल्लाह की गतिविधियों पर रोक लगाए। ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अगर ईरान ने हिजबुल्लाह को नहीं रोका, तो अमरीका उस पर पिछले हफ्ते से भी ज्यादा बड़ा हमला करेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने साफ-साफ कहा कि अगर ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की जुर्रत की, तो उसका अस्तित्व ही संकट में पड़ जाएगा।

ट्रंप ने कहा कि आप इसे बंद करेंगे और आपके पास कोई देश नहीं बचेगा। आप अपने देश वापस भी नहीं जा पाएंगे। राष्ट्रपति ट्रंप ने स्पष्ट किया कि जरूरत पड़ने पर अमेरिका इस रणनीतिक जलमार्ग पर पूरी तरह नियंत्रण कर सकता है। उन्होंने एक कैबिनेट बैठक के दौरान कहा कि अगर हमें जरूरत पड़ी, तो हम होर्मुज जलडमरूमध्य पर कब्जा करेंगे। अगर वे कोई समझौता नहीं करते हैं, तो हम खुद वहां से गुजरने वाले जहाजों से टोल टैक्स वसूलेंगे। ट्रंप की धमकी से पहले ईरान ने इस महत्त्वपूर्ण समुद्री मार्ग को बंद करने की बात कही थी।

अमेरिका और ईरान के बीच हुए समझौते को लेकर इजरायल में हुए एक सर्वे में 92 फीसदी लोगों ने माना कि इस डील से ईरान को ज्यादा फायदा हुआ है। सर्वे के मुताबिक, बड़ी संख्या में इजरायली नागरिकों का मानना है कि युद्ध के बाद हुए समझौते में तेहरान को आर्थिक और कूटनीतिक लाभ मिला, जबकि इजरायल को अपेक्षित राजनीतिक बढ़त नहीं मिल सकी। सर्वे में शामिल 78 फीसदी लोगों ने यह भी माना कि अमरीकी राष्ट्रपति ने इस मुद्दे पर इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू को पीछे छोड़ दिया और अंतिम समझौते की दिशा तय करने में वाशिंगटन की भूमिका ज्यादा प्रभावी रही।

## समाचार सार




### मॉर्डर्न पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**झुमरी तिलैया:** मॉडर्न पब्लिक स्कूल, झुमरी तिलैया में '12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस वर्ष योग दिवस योग से स्वस्थ जीवन एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य की थीम पर आधारित रहा। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के सभागार में दीप प्रज्वलन से हुई। इसके पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं और प्रबंधन समिति ने उत्साहपूर्वक सामूहिक योगाभ्यास किया। समारोह में योग गुरु आकाश और ईशा गुप्ता ने सभी बच्चों और शिक्षकों को योगाभ्यास कराया। 'कॉमन योग प्रोटोकॉल' के अनुसार ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, शशांकासन, मकरासन सहित विभिन्न प्राणायाम व ध्यान का अभ्यास कराया गया। योग प्रशिक्षिका ईशा गुप्ता ने सभी आसनों को करने की सही विधि बताई और उनसे होने वाले शारीरिक व मानसिक लाभों की जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जी. सी. वर्मा ने 'योग अपनाओ, जीवन सफल बनाओ' का संदेश देते हुए कहा योग केवल आसन नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक संपूर्ण पद्धति है। योग शारीरिक मजबूती के साथ. साथ मानसिक शांति और एकाग्रता प्रदान करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज पूरे विश्व ने योग की शक्ति को लोहा माना है। मेरा सभी बच्चों से आग्रह है कि वे रोज सुबह कम से कम 20 मिनट योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। हमारे विद्यालय में भी इसीलिए नियमित रूप से 'योग कक्षाएं' संचालित की जाती हैं ताकि बच्चे संस्कार और स्वास्थ्य दोनों के साथ आगे बढ़ें। विद्यालय की निर्देशिका संगीता शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि योग हमें अनुशासन और एकाग्रता सिखाता है। एक स्वस्थ बच्चा ही देश का स्वर्णिम भविष्य बन सकता है। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे घर पर बच्चों के साथ योग करें और इसे एक अच्छी आदत के रूप में विकसित करें। कार्यक्रम के अंत में सभागार में मौजूद सभी लोगों ने स्वयं के लिए योग, समाज के लिए योग का सामूहिक संकल्प लिया। समारोह का समापन 'सर्वे भवन्तु सुखिन के पवित्र मंत्रोच्चार तथा राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस मौके पर विद्यालय के सभी छात्र- छात्राएं, शिक्षक और शिक्षिकाएं मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### कुंदा में अपराधियों का तांडव,घर के बाहर खड़ी बोलेरो में लगाई आग, पूरी गाड़ी जलकर खाक



**चतरा:** जिले के कुंदा थाना क्षेत्र से एक बार फिर अपराधियों के बेलगाम होने की खबर सामने आ रही है। मरगड्डा पंचायत के गेन्दरा गांव में शनिवार की देर रात अज्ञात अपराधियों ने प्रशासनिक व्यवस्था को चुनौती देते हुए घर के बाहर खड़ी एक बोलेरो गाड़ी को आग के हवाले कर दिया।पीड़ित सतेंद्र गंझू अपनी पत्नी रवि देवी के इलाज के लिए रांची गए हुए थे। इसी दौरान सूने घर का फायदा उठाकर अपाचे मोटरसाइकिल से आए दो अज्ञात बदमाशों ने उनकी खड़ी बोलेरो (खल 01 ऋ 9473) में चुपके से आग लगा दी। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते और उसे बुझाते, तब तक गाड़ी पूरी तरह जलकर मलबे में तब्दील हो गई। घटना के बाद इलाके में दहशत और अफरा-तफरी का माहौल है। सूचना पर पहुंचे कुंदा थाना प्रभारी प्रिंस कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला आपसी रंजिश का लग रहा है। फिलहाल पुलिस अपराधियों की धर-पकड़ के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जागरूकता रैली का आयोजन



**चतरा:** जिले के हंटरगंज प्रखंड के पाण्डेयपुरा मे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एन.आर. मेमोरियल स्कूल के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य लोगों को नशे के दुष्प्रभावों को बताना और योग के प्रति जागरूक करना और समाज को नशा मुक्त बनाने का संदेश देना था।रैली में शामिल छात्र-छात्राओं ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर एक कदम नशा मुक्त, नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो तथा आओ मिलकर शपथ लें, भारत को नशा मुक्त बनाएं जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। रैली विद्यालय परिसर गेंजना मोड़ से शुरू होकर पाण्डेयपुरा बाजार भर्मण करते हुए पुनः विद्यालय पहुंची।इस दौरान शिक्षकों ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए हानिकारक है। युवाओं को नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल और सकारात्मक गतिविधियों की ओर ध्यान देना चाहिए.रैली के समापन पर सभी विद्यार्थियों एवं उपस्थित लोगों ने नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु शपथ ली। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### सिल्ली थाना में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक



**मुरी:** मुहर्रम को लेकर सिल्ली और मुरी थाना द्वारा संयुक्त रूप से शांति समिति की बैठक की गई है। बैठक का संचालन कर रहे फारूक मोमिन ने मुहर्रम के धार्मिक जुलूस के रूट के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हमारे मुहर्रम के आखडा. में हिन्दू भाईयों की उपस्थिति ही आपसी भाईचारा और शांति पूर्ण सौहार्द्र वातावरण का संदेश देता है। हमारे लिए गर्व की बात है कि भिखारी चौक पर धार्मिक जुलूस पहुंचने से पहले प्रशासन की मौजूदगी रहती है। वही सिल्ली थाना प्रभारी नवीन कुमार ने कहा कि सोसल मीडिया का दुरूपयोग ना हो। सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में मुहर्रम मनाया जाए। मुरी थाना प्रभारी विकास कुमार ने कहा कि आपसी मेल मिलाप और सहयोग से ही शांति समिति की बैठक का सार्थक मतलब निकलेगा। बैठक को सुलुम जुडी. के मुख्तार भाई, कलुवाडीह के मुजफ्फर भाई, चांद, बडा. मुरी के मजीद आलम, ब्राह्मणी से मुहर्रम मोमिन ने अपने खुबसूरत विचार रखे। इस बैठक में थाना के अरूण कुमार, मुन्ना सिंह के आलावा स्थानीय लोग मे रविन्द्र मुंडा, राजेश साहु, जसरूददीन अंसारी समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# खूंटी पुलिस की बड़ी सफलता, पीएलएफआई के 7 सक्रिय सदस्य गिरफ्तार, हथियार और गोलियां बरामद



**खूंटी :** जिले में उग्रवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत खूंटी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। तोरपा एवं कर्रा थाना क्षेत्रों में हाल के दिनों में लेवी मांगने, फायरिंग और आगजनी की घटनाओं के बाद गठित विशेष पुलिस टीम ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई से जुड़े सात सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से हथियार, जिंदा गोलियां, मोबाइल फोन और संगठन के पर्चे भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, गुप्त सूचना मिली थी कि पीएलएफआई का सक्रिय सदस्य श्रवण दास उर्फ फगुआ दास अपने सहयोगियों के साथ तोरपा थाना क्षेत्र के अलंकेल के पास सुंदारी जाने वाले मार्ग में किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की तैयारी में छिपा हुआ है। सूचना के सत्यापन के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, तोरपा के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन कर कार्रवाई की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया। तलाशी में उनके कब्जे से एक देशी पिस्टल, एक सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल, 21 जिंदा गोलियां, दो मोबाइल फोन तथा पीएलएफआई के छह पर्चे बरामद किए गए।

गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में मुख्य आरोपी श्रवण दास ने कई घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए पुलिस को बताया कि उसने अतिरिक्त हथियार जरियागढ़ थाना क्षेत्र के बरवादाग जंगल में छिपाकर रखे हैं। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने जंगल में छापेमारी कर एक देशी पिस्टल, एक दोनाली देशी कट्टा, एक अतिरिक्त मैगजीन तथा सात जिंदा गोलियां बरामद कीं।

पुलिस के अनुसार, बरामदगी के बाद जब आरोपी को जंगल से वापस लाया जा रहा था, तभी उसने कथित रूप से पुलिसकर्मी का हथियार छीनकर भागने का प्रयास किया और पुलिस टीम पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। घायल आरोपी का इलाज रिम्स, रांची में चल रहा है।

गिरफ्तार आरोपियों में सुदर्शन सोय उर्फ सुधीर उर्फ सोना सोय, सलीम बोदरा उर्फ रोडे, श्रवण दास उर्फ फगुआ दास, सामु डोडराय, विष्णु मांझी उर्फ एडी, हर्षित गुड़िया उर्फ बोयदा पाहन तथा उमर खान उर्फ नील खान शामिल हैं। पूरे अभियान का नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, तोरपा विजय कुमार सिंह ने किया। कार्रवाई में तोरपा, कर्रा, रनिया, तपकरा और जरियागढ़ थाना के प्रभारी सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है तथा संगठन के अन्य सदस्यों और उनकी गतिविधियों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

### मुहर्रम को लेकर हंटरगंज थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

## डीजे पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध, निर्धारित रूट से ही निकलेगा जुलूस



संवाददाता

,10

**चतरा:** आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर रविवार को हंटरगंज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचल पुलिस इंस्पेक्टर विपिन कुमार ने की, जबकि संचालन थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने किया।बैठक में दोनों समुदायों के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और आपसी भाईचारे तथा सामाजिक सौहार्द के साथ मुहर्रम पर्व मनाने का निर्णय लिया। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर कई आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने कहा कि हंटरगंज थाना क्षेत्र में सभी धर्मों के लोग हमेशा से आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ पर्व-त्योहार मनाते आए हैं। इस परंपरा को आगे भी कायम रखने की आवश्यकता है।बैठक में पंचायत स्तर पर लाइसेंसी एवं गैर-लाइसेंसी अखाड़ों की समीक्षा की गई। अखाड़ा समितियों के अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष एवं कम से कम 10 सदस्यों का नाम और मोबाइल नंबर थाना में जमा करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जिन अखाड़ों का लाइसेंस समाप्त हो चुका है, उन्हें शीघ्र नवीकरण (रिन्यूअल) के लिए आवेदन देने को कहा गया।पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिया कि मुहर्रम जुलूस केवल निर्धारित रूट से ही निकाला जाएगा। जुलूस के दौरान असामाजिक एवं शरारती तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी। सामाजिक एवं धार्मिक उन्माद फैलाने वाले नारे और गीतों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा डीजे बजाने पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। बैठक में उपस्थित लोगों से अपील की गई कि कहीं भी किसी प्रकार की समस्या या विवाद की स्थिति उत्पन्न होने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। बैठक में पूर्व बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभु दयाल यादव, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष अरुण चौरसिया, राजद कार्यकारणी प्रखंड अध्यक्ष देवलाल यादव,वकील खान, एसआई नीतीश कुमार, एएसआई वीर बहादुर सिंह, भोला साव, सुनील दुबे, रंजीत कुमार सिंह, अजय महतो, मुखिया प्रतिनिधि दिलीप दास, बृज किशोर सिंह, जिप सदस्य प्रतिनिधि बेचन पासवान, चैतू यादव, मो. मशीर आलम, समेत दोनों समुदायों के काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### बाबा नगरी ध्वजाधारी धाम में बही योग की गंगा, हजारों लोगों ने लिया स्वस्थ जीवन का संकल्प



**कोडरमा:** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बाबा नगरी ध्वजाधारी धाम में भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया, जहां योग, अध्यात्म और स्वास्थ्य का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर सुखदेव जी महाराज रहे। पतंजलि परिवार एवं युवा भारत के योग शिक्षकों ने पूरे आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम की शुरूआत योग क्रांतिकारी योगाचार्या सुषमा सुमन ने शंखनाद और संगठन मंत्र के साथ की। इसके बाद उन्होंने योग गुरु प्रदीप कुमार सुमन के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल के तहत ताड़ासन, वृक्षासन, पवनमुक्तासन, भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम. विलोम, भ्रामरी सहित लगभग 60 मिनट तक विभिन्न योगाभ्यास कराए। सुषमा सुमन ने लोगों को प्रतिदिन योग करने, स्वस्थ जीवन अपनाने तथा मोबाइल का सीमित उपयोग करने का संकल्प भी दिलाया। महामंडलेश्वर सुखदेव जी महाराज ने कहा कि ध्वजाधारी धाम की पवित्र भूमि पर योग की गंगा बहना अत्यंत गौरव की बात है। योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि मन को शांति और जीवन को संस्कार भी देता है। उन्होंने पतंजलि परिवार, सुषमा सुमन और प्रदीप सुमन के प्रयासों की सराहना करते हुए योग को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। योग गुरु प्रदीप कुमार सुमन ने बताया कि योग दिवस पर कोडरमा जिले में लाखों लोगों ने योगाभ्यास किया और पतंजलि परिवार के प्रशिक्षकों ने गांव-गांव, पंचायतों और प्रखंडों में योग शिविर आयोजित किए। इस अवसर पर कई समाजसेवियों, योग शिक्षकों और स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहयोग दिया। वहीं जेजे कॉलेज, जिला न्यायालय परिसर तथा एनसीसी 45 बटालियन में भी योगाचार्या सुषमा सुमन एवं योग गुरु प्रदीप कुमार सुमन को योग जागरूकता और समाजसेवा के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम उत्साह, अनुशासन और जनभागीदारी का प्रेरणादायी उदाहरण बनकर उभरा।

# ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम संपन्न



मेट्रो रेज संवाददाता

**कोडरमा:** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस. 2026 के अवसर पर ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन (स्वायत्त), झुमरी तिलैया, कोडरमा में भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के प्रायोजन में मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव प्रबंधन में योग की भूमिका विषय पर संगोष्ठी एवं योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. मोहित कुमार तिवारी, मनोचिकित्सक डॉ. रौनक महर्षि, शिक्षा विभाग, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रजनीश कुमार, राष्ट्रीय योगासन कोच एवं प्रशिक्षक योगाचार्य उमेश विश्वकर्मा तथा महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षु नंदनी कुमारी, कुणाल कुमार एवं मोनिका कुमारी द्वारा अतिथियों को पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। स्वागत भाषण देते हुए प्राचार्य डॉ. मोहित कुमार तिवारी ने कहा कि योग भारतीय ज्ञान परंपरा की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास का सशक्त माध्यम है। सहायक प्राध्यापक एवं कार्यक्रम प्रभारी इंद्र कुमार जायसवाल ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं विषय की प्रासंगिकता प्रस्तुत की तथा मनोचिकित्सक डॉ. रौनक महर्षि का परिचय कराया। वहीं डीएलएड. विभागाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने डॉ. रजनीश कुमार तथा सहायक प्राध्यापक सौरभ शर्मा ने योगाचार्य उमेश विश्वकर्मा का परिचय प्रस्तुत किया। अपने व्याख्यान में डॉ. रौनक महर्षि ने मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव प्रबंधन के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डालते हुए तनाव के कारणों, उसके प्रभावों तथा निवारण के उपायों पर विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों में यदि शिक्षक एवं कर्मचारी मानसिक रूप से स्वस्थ हों तो शिक्षा के मूल उद्देश्यों की प्राप्ति अधिक प्रभावी ढंग से संभव हो सकती है। डॉ. रजनीश कुमार ने योग एवं शिक्षा. दर्शन के संबंधों की व्याख्या करते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्ति के बौद्धिक, नैतिक, आध्यात्मिक एवं भावनात्मक विकास का आधार है। उन्होंने कहा कि शैक्षिक दर्शन जीवन के मूल्यों एवं आदर्शों की समझ प्रदान करता है, जबकि योग उन मूल्यों को व्यवहार में उतारने की कला सिखाता है। योगाचार्य उमेश विश्वकर्मा ने विभिन्न योगासनों, प्राणायामों एवं मुद्राओं का अभ्यास कराया तथा स्वस्थ एवं तनावमुक्त जीवन के लिए योग की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उनके मार्गदर्शन में प्रशिक्षुओं एवं प्राध्यापकों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को प्राचार्य डॉ. मोहित कुमार तिवारी, डी.एल.एड. विभागाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह एवं सहायक प्राध्यापक इंद्र कुमार जायसवाल द्वारा अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बी.एड. सत्र 2024. 26 एवं 2025-27 के प्रशिक्षुओं की सक्रिय सहभागिता रही। इस अवसर पर महाविद्यालय के आई क्यू ए सी समन्वयक मनीष कुमार सिन्हा, प्राध्यापिका डॉ. पूजा कुमारी, प्राध्यापक अनिल दास, प्राध्यापक सीताराम यादव, प्राध्यापक चुन्नू कुमार, प्राध्यापिका बिनीता कुमारी, सुधीर कुमार, सूचित कुमार, ओंकार कुमार, विवेक कुमार सहित सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रशिक्षु समीना परवीन ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रशिक्षु लवजीत कुमार विश्वकर्मा ने प्रस्तुत किया। संपूर्ण कार्यक्रम सहायक प्राध्यापक इंद्र कुमार जायसवाल की देखरेख में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

### स्वस्थ जीवन की ओर एक कदम

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर ग्रिजली पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय योग सत्र




**झुमरी तिलैया:** गुमो सतपुलिया स्थित ग्रिजली पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दो दिवसीय योग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की प्रधानाचार्या नीरजा के प्रेरणादायक संबोधन से हुई। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी तथा कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। इसके पश्चात योग प्रशिक्षिका नेहा कुमारी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ विभिन्न योगासन प्राणायाम , अनुलोम विलोम, कपालभाति, वृक्षासन, त्रिकोणासन, उष्ट्रासन, सेतु बंधासन, ताड़ासन तथा भुजंगासन का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षिका ने प्रत्येक आसन की सही विधि, उससे होने वाले लाभ तथा योग करते समय बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों की जानकारी भी दी। योग प्रशिक्षिका नेहा ने बताया कि नियमित योगाभ्यास न केवल शरीर को स्वस्थ और लचीला बनाता है, बल्कि एकाग्रता, आत्मविश्वास और मानसिक शांति को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतिदिन कुछ समय योग एवं प्राणायाम के लिए निकालने की प्रेरणा दी। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अनुशासन और एकाग्रता के साथ योगाभ्यास किया। योग करते समय बच्चों का उत्साह और ऊर्जा देखने योग्य थी। अंत में सभी विद्यार्थियों को नियमित योगाभ्यास करने तथा स्वस्थ, सक्रिय और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों ने योग के माध्यम से स्वस्थ भारत के निर्माण में अपना योगदान देने का संकल्प भी लिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में उपप्रधानाचार्या वंदना नारायण, संयोजिका अनीता कुमारी, पूजा झा, श्वेता अग्रवाल, दलजीत कौर, शिक्षकगण काशीनाथ महतो, सूरज कुमार, रश्मि सूद, चैताली घोष, संगीता कुमारी, मुकेश कुमार, चंदन कुमार, अविनाश कुमार, मुकेश कुशवाहा, रतन कुमार पांडे, दीपक कुमार, अमित कुमार सिंह नेहा दास, अपर्णा, अविनाश, सागर, श्वेता पांडे, मोहम्मद फैजान, शालिनी सिंह, रानी कुमारी, मायावती, संगीता सिंह, श्रुति, दिव्याली, वर्षा, पूनम, सुनीता, तनु प्रिया, खुशबू, तथा प्रशासनिक सदस्यों अनिल कुमार यादव, विकास, मनीमाला, अर्चना सिन्हा एवं निखत का सराहनीय योगदान रहा।

# फिरदौस नगर में गंदे पानी की सप्लाई पर फूटा लोगों का गुस्सा, पार्षद ने पीएचईडी टीम के साथ किया निरीक्षण

**गुलाम शाहिद**



**रांची:** राजधानी रांची के फिरदौस नगर क्षेत्र में पिछले कई दिनों से गंदे और दूषित पानी की आपूर्ति को लेकर स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। शिकायतों की गंभीरता को देखते हुए वार्ड संख्या 49 की पार्षद जमीला खातून और समाजसेवी रिजवान हुसैन ने सोमवार सुबह त्वरित पहल करते हुए पीएचईडी की टीम को मौके पर बुलाकर प्रभावित इलाकों का निरीक्षण कराया।

सुबह करीब सात बजे शुरू हुए निरीक्षण के दौरान रिजवान हुसैन ने पीएचईडी अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ वार्ड के विभिन्न मोहल्लों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने घर-घर जाकर लोगों से बातचीत की और पानी की गुणवत्ता की जांच कराई। कई घरों में नलों से गंदा, मटमैला और बदबूदार पानी आने की शिकायतें सामने आईं।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि पिछले कई दिनों से दूषित पानी की आपूर्ति हो रही है, जिससे पीने के पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। निरीक्षण के दौरान पीएचईडी विभाग के सुजीत कुमार और सतनारायण ने प्रभावित क्षेत्रों से पानी के नमूने एकत्र किए। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि पाइपलाइन में संभावित लीकेज या अन्य तकनीकी खराबियों की जांच कर समस्या के मूल कारणों का पता लगाया जाएगा तथा शीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। पार्षद जमीला खातून ने कहा कि वार्डवासियों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। क्षेत्र के लोगों ने पार्षद जमीला खातून और समाजसेवी रिजवान हुसैन की सक्रिय पहल की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि विभाग शीघ्र कार्रवाई कर स्वच्छ पेयजल की नियमित आपूर्ति बहाल करेगा।

## पिता के सम्मान में आईफा इंटरनेशनल ने किया विशेष कार्यक्रम का आयोजन

**मेट्रो रेज**



**रांची:** पिता के प्रेम, त्याग और समर्पण को समर्पित फादर्स डे के अवसर पर आई-फा इंटरनेशनल, रांची द्वारा होटल केन, मेन रोड, रांची (गुरुद्वारा के सामने) में एक विशेष कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को अपने पिता के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त करने का एक रचनात्मक मंच प्रदान करना था।

इस अवसर पर डिजाइन कॉफी मग फॉर योर डैड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को आयोजकों द्वारा कॉफी मग उपलब्ध कराया गया। बच्चों ने अपनी कल्पना और रचनात्मकता के रंगों से मग को खूबसूरत अंदाज में सजाया और अपने पिता के लिए प्यार भरे संदेश लिखे।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पत्रकार सैयद रमीज कथा मसूद कच्ची प्रिंसिपल सिटी पब्लिक स्कूल रांची उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में शगुफ्ता बानो, शबाना और रक्षंदा नूर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम को सफल बनाने में जोगिंदर ठाकुर, हुमायूं, अलमा हसन और महेश शर्मा का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम में बच्चों का उत्साह और रचनात्मकता देखते ही बन रही थी। प्रतिभागियों ने कला के माध्यम से पिता-पुत्र/पुत्री के रिश्ते की भावनाओं को खूबसूरती से प्रस्तुत किया।

फादर्स डे के इस खास मौके पर विशेष केक कटिंग का भी आयोजन किया गया। बच्चों ने मिलकर केक काटकर इस दिन को और भी यादगार बनाया। केक सभी बच्चों के बीच बांटा गया, जिससे कार्यक्रम में खुशी और उत्साह का माहौल बना रहा। आई-फा इंटरनेशनल की ओर से सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया गया और विजेताओं को सम्मानित किया गया।

इस सफल आयोजन ने यह संदेश दिया कि पिता का स्थान जीवन में सबसे अनमोल है और उनके प्रति प्रेम व सम्मान हर दिन व्यक्त किया जाना चाहिए। फार्दस दे के साथ आज का दिन म्यूजिक डे , भी होता है इस दिन को याद कर बच्चों के लिए गाना गया। सभी विजेताओं को निदेशक मोहम्मद साबिर हुसैन द्वारा पुरस्कृत किया गया।

जूनियर ग्रुपः नानिया, रिदा, जैनब रहमान, फैज, सैयद अली।

दूसरे ग्रुपः हमारा, नसीम, फिजा और एलिजा।

सीनियर ग्रुपः सोना कुमारी, अफीफा हुसैन, शबाना परवीन, सद्र और शिफा

## आरकेडीएफ विवि का चिपरा पंचायत में निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध राज्यव्यापी जागरूकता अभियान



**मेट्रो रेज**

**रांची:** आरकेडीएफ विश्वविद्यालय द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन एवं स्वस्थ समाज के निर्माण के उद्देश्य से विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए चिपरा पंचायत के ग्रामों में निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय समाजोपयोगी गतिविधियों एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण समुदाय को विभिन्न सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूक करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के नोडल पदाधिकारी डॉ मैनाक बनर्जी, डॉ अभिषेक वैभव सदस्य अरविन लकड़ा, प्रशांत कुमार एवं चिपरा पंचायत के मुखिया, उपमुखिया नीतु कुमारी, ग्राम प्रधान विलियम लकड़ा, समाज सेवक संजय कुमार एंव अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में हुआ। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों ने मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने युवाओं एवं विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संदेश दिया। जागरूकता अभियान के अंतर्गत ग्राम में हस्ताक्षर अभियान के साथ नशामुक्ति संबंधी संदेशों का प्रसार किया गया। उपस्थित ग्रामीणों ने नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु सहयोग करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों ने कहा कि युवाओं को नशे की लत से बचाना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को नशामुक्ति की शपथ स्थानीय भाषा में दिलाई गई तथा जागरूकता अभियान को सफल बनाने में सहयोग देने वाले ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया गया।

# प्रमुख खलीफा मो. महजूद को सलामी के साथ फूंका गया मुहर्रम का बिगुल

### मुहर्रम की पांचवीं पर पूरे शहर में एक साथ खड़ा किया गया निशान

**मेट्रो रेज**




**रांची:** मोहर्रम 2026 की पांचवीं तारीख को हिंदपीढ़ी सेंट्रल स्ट्रीट स्थित ऐतिहासिक इमाम बख्श अखाड़ा के मुख्य इमामबाड़े में प्रमुख खलीफा मो। महजूद के नेतृत्व एवं सरपरस्त मो। सईद की निगरानी में पारंपरिक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हुसैनी नारों की गूंज के बीच पूरे अकीदत और एहतराम के साथ मुहर्रम का निशान खड़ा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत हाजी मो। इस्लाम इदरीसी द्वारा नियाज-फातेहा से हुई। इसके बाद इमाम बख्श अखाड़ा के अंतर्गत आने वाले सभी अखाड़ों के क्षेत्रीय खलीफाओं ने प्रमुख खलीफा मो। महजूद को सलामी पेश की तथा पगड़ी बांधकर उनका सम्मान किया। इस दौरान क्षेत्रीय खलीफाओं ने मोहर्रम के जुलूसों और परंपराओं के सफल संचालन का संकल्प भी दोहराया।

अपने संबोधन में प्रमुख खलीफा मो। महजूद ने कहा कि मोहर्रम का संदेश इंसानियत, भाईचारा, अनुशासन और हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानियों को याद रखने का है। उन्होंने सभी अखाड़ों से आपसी सौहार्द और परंपराओं के अनुरूप मोहर्रम मनाने की अपील की। इस अवसर पर सेंट्रल मोहर्रम कमिटी रांची के महासचिव अकीलुर्रहमान ने इमाम बख्श अखाड़ा के अंतर्गत आने वाले सभी अखाड़ों के खलीफाओं को सम्मानित किया तथा उन्हें निर्धारित समय पर जुलूस निकालने और सेंट्रल मोहर्रम कमिटी की गाइडलाइन का पालन करने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी अखाड़ों के सहयोग से मोहर्रम को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जाएगा। कार्यक्रम में सेंट्रल मोहर्रम कमिटी के अकिलुर रहमान, मो। इस्लाम, मो। तौहीद, खालिद उमर, सज्जाद इदरीसी, परवेज आलम, मो। मोजाहि, कमांडर मो। हुसैन, आफताब आलम, सहित बड़ी संख्या में खलीफा, उस्ताद, अकीदतमंद एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित थे। मुहर्रम की पांचवीं तारीख को धौताल अखाड़ा, लीलू अली अखाड़ा के विभिन्न इमामबाड़ों और अखाड़ों में भी पूरे धार्मिक उत्साह और परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ मुहर्रम का निशान खड़ा किया गया। वहीं इमाम बख्श अखाड़ा में क्षेत्रीय खलीफाओं द्वारा प्रमुख खलीफा मो। महजूद को सलामी दिए जाने का दृश्य आकर्षण का केंद्र रहा, जिसे मुहर्रम की तैयारियों के औपचारिक आगाज के रूप में देखा गया।

## अल अंसार मोमिन पंचायत चुनाव में टीम अल अंसार की शानदार जीत



**रांची:** सामाजिक संगठन अल अंसार मोमिन पंचायत का चुनाव शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न हो गया। चुनाव बैलेट पेपर के माध्यम से कराया गया, जिसमें समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद टीम अल अंसार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अधिकांश पदों पर जीत दर्ज की। चुनाव में अनवर हुसैन अध्यक्ष निर्वाचित हुए, जबकि मोहम्मद जावेद अख्तर सचिव तथा समीउल्लाह चुन्नू सह सचिव चुने गए। इसके अलावा नकीब अहमद को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिली। चुनाव संपन्न होने के बाद चुनाव संयोजक मास्टर शरीफ मजहरी ने सभी विजयी उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के लोग एवं कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने समाज के विकास, एकता और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे सभी वर्गों को साथ लेकर संगठन को और मजबूत बनाने तथा समाज हित में निरंतर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद समर्थकों में उत्साह का माहौल देखा गया तथा विजयी उम्मीदवारों को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

### राईन उर्दू गर्ल्स +2 हाईस्कूल में कैरियर मार्गदर्शन व प्रेरणा कार्यक्रम

## विशेषज्ञों ने छात्राओं को दिए सफलता के मंत्र



**रांची:** राईन एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में रविवार को राईन उर्दू गर्ल्स +2 हाईस्कूल में कैरियर गाइडेंस एंड मोटिवेशनल प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को उच्च शिक्षा एवं विभिन्न प्रतिस्पर्धी क्षेत्रों में कैरियर निर्माण के लिए उचित मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विसेज कोचिंग के निदेशक डॉ। अनिल मिश्रा उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथियों में नॉर्थ स्टार के डॉ। नदीम अख्तर, इम्पैसिस के निदेशक इरफान जिया, महिंद्रा के एम। अकबर, मौलाना आजाद कॉलेज के महमूद आलम, उच्च न्यायालय के अधिवक्ता पवन चौबे तथा तनवीर आलम शामिल थे। अतिथियों ने अपने संबोधन में छात्राओं को विषय चयन, उच्च शिक्षा और विभिन्न कैरियर विकल्पों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इंटरमीडिएट के बाद मेडिकल, इंजीनियरिंग, एमबीए, सीए, सीएस, रेलवे, बैंकिंग, एसएससी, कंप्यूटर साइंस तथा सिविल सेवा जैसे क्षेत्रों में सफल कैरियर बनाने के लिए किस प्रकार योजनाबद्ध तैयारी की जानी चाहिए।

## आरडीएक्स को सिविल कोर्ट से नहीं मिली जमानत

**रांची :** राहुल सिंह गैंग के शूटर रियांश सिंह स्वत्रंत उर्फ आरडीएक्स को रांची सिविल कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने आरडीएक्स को बेल देने से इंकार करते हुए उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी है। आरडीएक्स को रांची पुलिस ने इसी वर्ष रांची के जगन्नाथपुर इलाके से गिरफ्तार किया था।

**कोर्ट ने खारिज की याचिका :** जिस मामले में कोर्ट ने उसकी जमानत याचिका खारिज की है वह रंगदारी के लिए धमकी देने और गिरोह बना कर आपराधिक गतिविधि में शामिल होने से जुड़ा केस है।

## पीएम मोदी के प्रयासों से योग को मिली वैश्विक पहचान : माहेक चौधरी



**रांची:** बॉलीवुड अभिनेत्री माहेक चौधरी ने देशवासियों और अपने सभी प्रशंसकों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन और अमूल्य विरासत है, जिसने आज पूरी दुनिया को स्वस्थ जीवन जीने की नई दिशा दी है। माहेक चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों की बदौलत योग को वैश्विक पहचान मिली है और आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरे विश्व में बड़े पैमाने पर मनाया जा रहा है।

### मोहर्रम की तैयारी या महज दिखावा?

# जुलूस मार्गों की बदहाली पर प्रशासन और खलीफाओं की चुप्पी सवालों के घेरे में





**गुलाम शाहिद**

**रांची:** मोहर्रम को लेकर राजधानी रांची के विभिन्न इलाकों में जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। ढोल-ताशों की गूंज, अखाड़ों की गतिविधियां और खलीफाओं के सम्मान समारोहों से माहौल उत्साहपूर्ण दिखाई देता है। लेकिन जब एक पत्रकार ने उन मार्गों का भ्रमण किया, जहां से मोहर्रम के जुलूस गुजरने वाले हैं, तो तस्वीर कुछ और ही नजर आई। भ्रमण के दौरान पाया गया कि कई जुलूस मार्ग गहरे गड्ढों, उबड़-खाबड़ सड़कों और टूटी-फूटी नालियों से भरे पड़े हैं। जगह-जगह कूड़े-कचरे का अंबार लगा है। कई स्थानों पर बिजली के जर्जर पोल और नीचे लटकते तार किसी बड़े हादसे को न्योता देते दिखाई दिए। रात के समय पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था का भी अभाव है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब हजारों की संख्या में अकीदतमंद इन रास्तों से गुजरेंगे, तब उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन लेगा?

प्रशासन ने शांति समिति की बैठकें कीं, निर्देश जारी किए और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के दावे भी किए। दूसरी ओर अखाड़ों के खलीफा और पदाधिकारी सम्मान समारोहों, पगड़ी बांधने और तैयारियों के प्रचार-प्रसार में व्यस्त दिखाई दिए। लेकिन जुलूस मार्गों की बदहाली को लेकर न तो प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नजर आई और न ही अखाड़ों के जिम्मेदार प्रतिनिधियों की ओर से कोई गंभीर आवाज उठाई गई।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि खलीफा और अखाड़ा समितियां वास्तव में समुदाय के नेतृत्व का दावा करती हैं, तो उन्हें केवल रस्मों और आयोजनों तक सीमित न रहकर जुलूस मार्गों की सुरक्षा और सुविधाओं के लिए भी प्रशासन पर दबाव बनाना चाहिए। वहीं प्रशासन की निष्क्रियता भी कई सवाल खड़े करती है। मोहर्रम जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर यदि जुलूस मार्ग सुरक्षित नहीं हैं, तो शांति समिति की बैठकों और तैयारियों के दावों का औचित्य क्या रह जाता है? क्या प्रशासन किसी दुर्घटना के इंतजार में है, या फिर जिम्मेदार लोग केवल औपचारिकताएं निभाने में लगे हुए हैं?

मोहर्रम नजदीक है और समय तेजी से निकल रहा है। अब देखना यह है कि प्रशासन और अखाड़ा नेतृत्व जुलूस मार्गों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हैं या फिर हर साल की तरह इस बार भी श्रद्धालुओं को बदहाल सड़कों और जोखिम भरे रास्तों के सहारे छोड़ दिया जाएगा।

### एक्वा वर्ल्ड में फार्दस डे स्पेशल कार्यक्रम का आयोजन

# मि.कुंदन को मिला बेस्ट फादर का खिताब

### डैडी और बच्चों ने फादर्स डे थीम के गानों पर किया कैटवॉक





**मेट्रो रेज**

**रांची:** एक्वा वर्ल्ड, मछली घर में फादर्स डे के अवसर पर फादर्स डे स्पेशल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह पूरी शाम कैंपस में आये डैडी के नाम रही। विभिन्न प्रतियोगिताओं के जरिए बेस्ट डैड का चयन हुआ। बच्चों और डैडी की टीमों के बीच क्वेश्चन आंसर राउंड हुआ। उसके बाद पापा थीम के गीतों के थीम पर कैटवॉक की। कुंदन ने बेस्ट फादर का खिताब जीता जबकि इसी प्रतियोगिता में शिबू मुंडा को दूसरा और अविनाश को तीसरा स्थान मिला।

इसके पूर्व दीपांजलि ग्रुप के डायरेक्टर विपुल नायक, वैंस मॉडलिंग ग्रुप के निदेशक वसीम आलम, देव ज्योति नाहा (डीजे सर), अस्मिता रानी, श्वेता शरणा, नीलिमा पूर्ति आदि को एक्वा वर्ल्ड की ओर से समर हॉलीडे श्रृंखला में उत्कृष्ट योगदान के लिए चेयरमैन प्रतुल शाह देव द्वारा सम्मानित किया गया। दीपांजलि के बच्चों ने पापा के थीम वाले गानों पर मंत्रमुग्ध कर देने वाला परफॉर्मेंस दिया। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया।

आज के कार्यक्रम का संचालन धीरज कुमार ने किया। इस अवसर पर एक्वा वर्ल्ड समूह के चेयरमैन प्रतुल शाह देव, दीपांजलि ग्रुप के निदेशक विपुल नायक, वैम्स मॉडलिंग इंस्टिट्यूट के निदेशक वसीम आलम, डीजे सर भी उपस्थित थे।गरिमा, रियान, गायत्री ने भी अलग अलग गानों में परफॉर्म किया।

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## आधुनिक संकटों का प्राचीन समाधान है योग

दुनिया भर के 170 से भी ज्यादा देश प्रतिवर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाते हैं और योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लेते हैं। संयुक्त राष्ट्र ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 69वें सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रखे गए प्रस्ताव के जवाब में 11 दिसंबर 2014 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की स्थापना की थी और वैश्विक स्तर पर पहला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया था। इस वर्ष पूरी दुनिया ह्यस्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योगह्व थीम के साथ 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रही है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का यह विषय जीवन के सभी चरणों में शारीरिक शक्ति, मानसिक अनुकूलता और समग्र कल्याण को बढ़ावा देने में योग की भूमिका का उल्लेख करता है। योग व्यक्तियों को स्वस्थ और अधिक संतुलित जीवन जीने के लिए प्रेरित करता रहता है, साथ ही आंतरिक शक्ति और जागरूकता को भी बढ़ावा देता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय वायुसेना देशभर में योगाभ्यास का आयोजन करेगी, जिसमें उत्तर में लेह के ऊंचे पहाड़ों से लेकर दक्षिण में कार निकोबार के समुद्र तटों तक और पूर्वी सीमांत तवांग से लेकर पश्चिम में पवित्र शहर द्वारका तक के विविध भूभाग शामिल होंगे।

प्रतिवर्ष यह दिवस मनाने का उद्देश्य योग को एक ऐसे आंदोलन के रूप में बढ़ावा देना है, जो व्यक्ति की तन्यकता को उन्नत करता है और समाज के प्रत्येक व्यक्ति के लिए कल्याण को बढ़ावा देता है। वैसे तो योग को विश्व स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सतत प्रयासों के चलते वर्ष 2015 में अपनाया गया था किंतु भारत में योग का इतिहास सदियों पुराना है। माना जाता रहा है कि पृथ्वी पर सभ्यता की शुरूआत से ही योग किया जा रहा है लेकिन साक्ष्यों की बात करें तो योग करीब पांच हजार वर्ष पुरानी भारतीय परंपरा है। करीब 2700 ईसा पूर्व वैदिक काल में और उसके बाद पतंजलि काल तक योग की मौजूदगी के ऐतिहासिक प्रमाण मिलते हैं। महर्षि पतंजलि ने अभ्यास तथा वैराग्य द्वारा मन की वृत्तियों पर नियंत्रण करने को ही योग बताया था। इसे भी पढ़ेंः योग है दुनिया के लिए भारत का शाश्वत अवदान

हिंदू धर्म शास्त्रों में भी योग का व्यापक उल्लेख मिलता है। विष्णु पुराण में कहा गया है कि जीवात्मा तथा परमात्मा का पूर्णतया मिलन ही अद्वेतानुभूति योग कहलाता है। इसी प्रकार भगवद्गीता बोध में वर्णित है कि दुःख-सुख, पाप-पुण्य, शत्रु-मित्र, शीत-उष्ण आदि द्वंदों से अतीतय मुक्त होकर सर्वत्र समभाव से व्यवहार करना ही योग है। भारत में योग को निरोगी रहने की करीब पांच हजार वर्ष पुरानी मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक पद्धति के रूप में मान्यता प्राप्त है, जो भारतीयों की जीवनचर्या का अहम हिस्सा है। सही मायनों में योग भारत के पास प्रकृति प्रदत्त ऐसी अमूल्य धरोहर है, जिसका भारत सदियों से शारीरिक और मानसिक लाभ उठाता रहा है, लेकिन कालांतर में इस दुर्लभ धरोहर की अनदेखी का ही नतीजा है कि लोग तरह-तरह की बीमारियों के मकड़जाल में जकड़ते गए। वैसे तो स्वामी विवेकानंद ने भी अपने शिकागो सम्मेलन के भाषण में सम्पूर्ण विश्व को योग का संदेश दिया था लेकिन कुछ वर्षों पूर्व योग गुरु स्वामी रामदेव द्वारा योग विद्या को घर-घर तक पहुंचाने के बाद ही इसका व्यापक प्रचार-प्रसार संभव हो सका और आमजन योग की ओर आकर्षित होते गए। देखते ही देखते कई देशों में लोगों ने इसे अपनाना शुरू किया। साल 2023 में ही लगभग 190 देशों में योग दिवस के तहत 25 करोड़ से अधिक लोगों ने भाग लिया था।

आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग का महत्व कई गुना बढ़ गया है। योग न केवल कई गंभीर बीमारियों से छुटकारा दिलाने में मददगार साबित होता है बल्कि मानसिक तनाव को खत्म कर आत्मिक शांति भी प्रदान करता है। दरअसल यह एक ऐसी साधना, ऐसी दवा है, जो बिना किसी लागत के शारीरिक एवं मानसिक बीमारियों का इलाज करने में सक्षम है। यह मस्तिष्क की सक्रियता बढ़ाकर दिनभर शरीर को ऊजार्वान बनाए रखता है। यही कारण है कि अब युवा एरोबिक्स व जिम छोड़कर योग अपनाने लगे हैं। माना गया है कि योग तथा प्राणायाम से जीवनभर दवाओं से भी ठीक न होने मधुमेह रोग का भी इलाज संभव है। यह वजन घटाने में भी सहायक माना गया है। योग की इन्हीं महत्ताओं को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 सितम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा से आह्वान किया था कि दुनियाभर में प्रतिवर्ष योग दिवस मनाया जाए ताकि प्रकृति प्रदत्त भारत की इस अमूल्य पद्धति का लाभ पूरी दुनिया उठा सके। यह भारत के बेहद गर्व भरी उपलब्धि रही कि संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रधानमंत्री के इस प्रस्ताव के महज तीन माह के भीतर 177 देशों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाए जाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति की मोहर लगा दी, जिसके उपरांत संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 11 दिसम्बर 2014 को घोषणा कर दी गई कि प्रतिवर्ष 21 जून का दिन दुनियाभर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए 21 जून का ही दिन निर्धारित किए जाने की भी खास वजह रही। दरअसल यह दिन उत्तरी गोलार्ध का पूरे कैलेंडर वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है। इस दिन की तिथि को ग्रीष्म संक्रांति के साथ मेल खाने के लिए बनाया गया था, जो उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है और प्रकाश और स्वास्थ्य का प्रतीक है। भारतीय संस्कृति के नजरिये से देखें तो ग्रीष्म संक्रांति के बाद सूर्य दक्षिणायन हो जाता है तथा यह समय आध्यात्मिक सिद्धियां प्राप्त करने में लाभकारी माना गया है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी योग के महत्व को स्वीकारने लगा है। इसलिए स्वस्थ जीवन जीने के लिए जरूरी है कि योग को अपनी दिनचर्या का अटूट हिस्सा बनाया जाए। योग केवल एक व्यायाम नहीं है बल्कि यह शरीर और मन के साथ-साथ स्वयं को सशक्त बनाने का एक बेहतरीन तरीका है। यह भारत की उस धरोहर का पुनर्जागरण है, जिसे आज पूरा विश्व अपनाकर अपने तन, मन और आत्मा को संतुलन में ला रहा है।

# राजनैतिक सुरक्षा और जनाक्रोश से बचने को दलबदल

गली–नुक्कड़ पर होने वाली चचाओं का स्थान ले चुके सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर राजनैतिक निष्ठा बदलने वाले इन नेताओं पर लोग अपने सियासी झुकाव के अनुसार टीका टिप्पणी कर रहे हैं। कोई इन्हें डरपोक और अवसरवादी बता कर कोस रहा है तो कोई क्षेत्रीय दलों के शीर्ष नेतृत्व की खामियां गिनाकर इनके कदम को उचित ठहराने की कोशिश में जुटा हुआ है।

**विकास सक्सेना**

प्रख्यात शायर मिर्जा गालिब का बहुचर्चित शेर ह्यउम्र भर गालिब यही भूल करता रहा, धूल चेहरे पर थी आइना साफ करता रहाह्व, इन दिनों विपक्षी राजनैतिक दलों के प्रमुख नेताओं और कर्णधारों पर काफी सटीक बैठ रहा है। पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजे आने के बाद से क्षेत्रीय दलों के नेताओं में दलबदल की भगदड़ मची हुई है। इससे बौखलाए क्षेत्रीय दलों के नेता ईडी और सीबीआई जैसी संस्थाओं के दुरूपयोग का आरोप लगाकर भाजपा को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास कर रहे हैं तो भाजपा और राजग के नेता इसके लिए विपक्षी दलों के अपरिपक्व नेतृत्व, ढुलमुल नीतियों, जनता से दूरी और वैचारिक अक्षमता आदि को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। गली-नुक्कड़ पर होने वाली चचाओं का स्थान ले चुके सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर राजनैतिक निष्ठा बदलने वाले इन नेताओं पर लोग अपने सियासी झुकाव के अनुसार टीका टिप्पणी कर रहे हैं। कोई इन्हें डरपोक और अवसरवादी बता कर कोस रहा है तो कोई क्षेत्रीय दलों के शीर्ष नेतृत्व की खामियां गिनाकर इनके कदम को उचित ठहराने की कोशिश में जुटा हुआ है। सही मायने में देखा जाए तो कोई भी नेता जब किसी दल में रहते हुए राजनैतिक असुरक्षा के भाव से घिर जाता है तो वह अपने सुरक्षित राजनैतिक भविष्य के आश्वासन के साथ उपहार स्वरूप मिलने वाले लाभों के लिए राजनैतिक निष्ठाएं बदलने का मौका नहीं गंवाता। सामान्यतौर पर दलबदल सत्ताधारी दल के पक्ष में या सत्ता परिवर्तन के लिए होता है इसलिए इसके ईनाम स्वरूप बड़े पद मिलना स्वभाविक सी बात है, कई बार तो दलबदल करने वाले नेता राज्य के मुख्यमंत्री तक का पद हासिल करने में कामयाब रहे हैं। हालांकि राजनैतिक निष्ठा बदलते समय ये नेता सबसे ज्यादा दुहाई पुराने दल में हुए वैचारिक पतन की देते हैं लेकिन हकीकत है कि अपवाद स्वरूप कुछ मामलों को छोड़ दें तो शायद ही कभी सिर्फ विचारधारा में बदलाव की वजह से किसी नेता ने दलबदल का रास्ता अपनाया हो। सत्ताधारी दल पर अक्सर ताकत का दुरूपयोग करके विपक्षी दलों में तोड़फोड़ करने के आरोप लगाए जाते हैं। केंद्र की सत्ता पर काबिज दलों पर तो आमतौर पर सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आयकर विभाग जैसी केंद्रीय संस्थाओं का दुरूपयोग करके विपक्षी नेताओं को डराने धमकाने की चर्चा होती रहती है। इन दिनों मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर आरोप लगाने वाले भी जानते हैं कि समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव और बसपा सुप्रीमो मायावती पर आय से अधिक सम्पत्ति का मामला कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार के दौरान दर्ज किया गया था। यूपीए शासनकाल में एआईएडीएमके नेत्री जयललिता और वाईएसआर कांग्रेस के जगनमोहन रेड्डी भी केंद्रीय जांच संस्थाओं के निशाने पर रहे। ऐसा नहीं है कि जांच के दायरे में आए इन नेताओं ने ताकत का दुरूपयोग नहीं किया होगा लेकिन सवाल यह है कि इनके खिलाफ शुरू की गई कार्रवाई का उद्देश्य दोषियों को दंडित करना था या अपने राजनैतिक हित साधना। पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजे आने के बाद राजनैतिक दलों में हैरान करने वाली भगदड़ मची है। सबसे ज्यादा चौंकाने वाली खबरें पश्चिम बंगाल से आ रही हैं। चुनावी नतीजे आने के एक महीने के भीतर ही पिछले 15 साल पश्चिम बंगाल की सत्ता पर काबिज रही ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के समाने अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया है। संघर्ष के दम पर 34 साल के वामपंथी शासन को उखाड़ फेंकने वाली ममता दीदी की टीएमसी ने इस बार के विधानसभा चुनावों में 80 सीटों पर जीत दर्ज की, लेकिन उसके 58 विधायकों ने ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व में बगावत कर दी। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र नाथ बोस को चिट्ठी लिखकर अगल गुट के तौर पर मान्यता देने की मांग की। उनके गुट को मान्यता मिल गई है और ऋतब्रत बनर्जी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चुने गए हैं। इसके बाद तृणमूल कांग्रेस के 28 में से 20 सांसदों ने काकोली घोष दस्तीदार के नेतृत्व में त्रिपुरा के एक गुमनाम से राजनैतिक दल नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इण्डिया (एनसीपीआई) में शामिल होने का ऐलान किया है। इस बावत उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र भी लिखा है। एनसीपीआई राजग का हिस्सा है जबकि इन बागी सांसदों में चंद हफ्ते पहले तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के कटु आलोचक रहे टीएमसी नेता सुदीप बंदोपाध्याय, सायोनी घोष और उनकी नेता काकोली घोष दस्तीदार भी शामिल हैं। हाल के दिनों में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के अलावा, अरविन्द केजरीवाल की आम आदमी पार्टी और उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) में बड़ी टूट हुई है। इनमें से टीएमसी में भगदड़ की पटकथा तो 2021 में हुए विधानसभा चुनावों के नतीजे आने के बाद ही लिख दी गई थी। तब जीत के नशे में चूर तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों ने विरोधियों के घरों को आग लगा दी, उनकी सम्पत्ति लूट ली, महिलाओं से बलात्कार तक के आरोप लगे। अनेक लोगों को जान बचाने के लिए दूसरे राज्य में शरण लेनी पड़ी। कई लोगों ने नाक रगड़कर और सिर मुंडवाकर भाजपा का साथ देने का ह्यप्रायश्चितह्व किया फिर उन्हें वापस टीएमसी में शामिल किया गया। अब भाजपा की प्रचण्ड जीत के बाद टीएमसी नेताओं को भी इसी तरह के व्यवहार खौफ सता रहा है, इसीलिए वे ममता दीदी से पीछा छुड़ा रहे हैं। उन्हें पता है कि पश्चिम बंगाल की नई सरकार का नेतृत्व टीएमसी की राजनैतिक संस्कृति में पले बड़े सुबेंदू अधिकारी के हाथ में है। सात राज्यसभा सांसदों के साथ आम आदमी पार्टी छोड़ने वाले राघव चड्ढा ने निष्ठा बदलने के पीछे राजनैतिक शुचिता और नैतिकता के बड़े बड़े कारण गिनाए हैं लेकिन उनकी अन्तरात्मा उस समय नहीं जगी जब पार्टी के संस्थापक सदस्यों और लोकपाल को बाहर का रास्ता दिखाया गया, जब उनके नेताओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लग रहे थे, उनके नेता जेल जाकर भी मंत्री और मुख्यमंत्री का पद छोड़ने को राजी नहीं हुए और तब भी नहीं जब उनकी साथी राज्यसभा सांसद स्वाती मालीवाल ने अरविन्द केजरीवाल पर घर बुलाकर मारपीट करने के गंभीर आरोप लगाए। शिवसेना (यूबीटी) के सांसदों के दल बदल में एक कारण वैचारिक विचलन हो सकता है क्योंकि बाला साहेब ठाकरे ने जिस विचारधारा के साथ शिवसेना बनाई थी, मुख्यमंत्री बनने के लिए कांग्रेस के साथ मिलकर उद्धव ठाकरे उससे उलटे रास्ते पर चल पड़े। लेकिन अगर सिर्फ यही एक कारण होता तो वह भी एकनाथ शिंदे के साथ 2022 में उद्धव ठाकरे का साथ छोड़ चुके होते।

लोकसभा और राज्यसभा में दो तिहाई बहुमत न होने के कारण बीते अप्रैल में हुए संसद सत्र के दौरान विधायी संस्थाओं में महिलाओं का आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए परिसीमन संबंधी 131वां संविधान संशोधन पारित कराने में नाकाम रही भाजपा निश्चित तौर पर प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से इसके लिए सभी हथकंडे अपना रही होगी। लेकिन क्या सिर्फ भाजपा के प्रयासों से इस तरह का राजनैतिक भूचाल आ पाना संभव है? दरअसल इस राजनैतिक भूचाल का वास्तविक कारण क्षेत्रीय दलों की मतदाताओं कमजोर होती पकड़ और उनके उम्मीदवारों की चुनावी जीत की घटती संभावना है जिसे स्वीकार करने के लिए इनके नेता और रणनीतिकार तैयार नहीं हैं। सत्ता में रहते इन दलों ने जिस अराजकता और भ्रष्टाचार को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से समर्थन दिया था आज वही उनके गले की फांस बन गया है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# मनुष्य के चित्त का भटकाव रोकता है योग

श्रीकृष्ण कहते हैं कर्म तुम्हें करना है। तुम फल क्या आएगा इस निष्कर्ष में न पड़ो। श्रीकृष्ण कहते हैं ₹कर्मण्येवाधिकारस्ते मां फलेषु कदाचनः तुम्हारा अधिकार कर्म करने का ही है। परिणाम पर तुम्हारा अधिकार नहीं है। परिणाम में तुमसे संबंध नहीं है। तुम फल से असंबद्ध ही रहो। वे आगे कहते हैं ₹मा कर्मफलहेतुर्भर₹ तुम स्वयं को अपने कर्मों फलों का कारण मत जानो।

**अरुण कुमार दीक्षित**

योग का अर्थ जोड़ होता है। योग व्यक्ति के अन्तस का रसायन शास्त्र परिवर्तित कर देता है। योग से व्यक्ति के अंदर प्रेम रस के स्रोत आने लगते हैं। नई चेतना आने लगती है। ऊर्जा से मनुष्य भर जाता है। व्यक्ति अप्रेम से प्रेम की ओर उन्मुख हो जाता है। व्यक्ति द्वैत से अद्वैत की यात्रा में आ जाता है। ऐसा योगी जन कहते आए हैं। हमारे जैसों ने हमने योग किया। अमुक ने योग किया। कुछ घटित नहीं हुआ। फलित नहीं हुआ। हम तत्काल निष्कर्ष पर जाते हैं। हमें वह नहीं हो रहा जो शास्त्रों में बताया गया है।

श्रीकृष्ण कहते हैं कर्म तुम्हें करना है। तुम फल क्या आएगा इस निष्कर्ष में न पड़ो। श्रीकृष्ण कहते हैं ₹कर्मण्येवाधिकारस्ते मां फलेषु कदाचनः₹ तुम्हारा अधिकार कर्म करने का ही है। परिणाम पर तुम्हारा अधिकार नहीं है। परिणाम में तुमसे संबंध नहीं है। तुम फल से असंबद्ध ही रहो। वे आगे कहते हैं ₹मा कर्मफलहेतुर्भर₹ तुम स्वयं को अपने कर्मों फलों का कारण मत जानो। वह निष्काम कर्म की बात कर रहे हैं। वे कह रहे हैं फल की ओर ध्यान न देकर पूरी शक्ति कर्म पर लगा दो। यहां यह भी लगता है कि जब पूरी शक्ति किसी कर्म में लगेगी तो बहुत संम्भव है परिणाम अच्छा आएगा। गीता में योग के विषय में कहा गया है कि जीव का परमात्मा के साथ जो सम्बंध है वह योग है। वस्तु व्यक्ति क्रिया, पदार्थ, घटनाओं वस्तुओं आदि के सम्बंध भोग है। योग नित्य और भोग अनित्य है। पतंजलि श्रीकृष्ण के बाद हुए। पतंजलि योगाश्चितवृत्ति निरोध की देशना में है। पतंजलि कहते हैं योग से मनुष्य के चित की वृत्तियों का निरोध हो जाता है। चित्त का भटकाव रुक जाता है। चित्त का व्यापार रुक सकता है। मगर पतंजलि का यह वक्तव्य बड़ा कठिन मालूम पड़ता है। योग में कैसे उतरा जाए। कोई योग का विद्यार्थी पहली सीढ़ी में क्या करे। यहाँ ध्यान रहे की बात चित्त वृत्ति के निरोध की हो रही है। रोकने की हो रही है। और हम जीवन व्यापार में लगातार उठते बैठते लगे रहते हैं। हम आँख बंद कर योग के लिए बैठते हैं हमको सब दृश्य लाभ-हानि के दिखाई देने लगते हैं। तभी संपत्ति भी दिखाई देने लगती है। यहाँ फिर वही बात है कि माया पीछा करती है। बड़ी कठिनाई है? योग से यह कठिनाई चली जाती है। और योग में उतरने के पहले ही यह कठिनाइयां योग में जाने नहीं देती हैं। जीवन के अनेक नए पुराने दृश्य दिखाई देने लगते हैं। जैसे ही आँख बंद कर बैठे वैसे जगत सामने नृत्य करता है। ज्ञानी जनो ने इसे माया कहा। कबीर ने कहा कि माया महाठगिनी हम जानी।

लोग गुरुओं के पास जाते हैं वह व्यायाम को योग बताने लगते हैं। यह और झंझट है। योग में व्यायाम आ गया। व्यायाम और कसरत योग से भिन्न है। हाँ व्यायाम से शरीर हृष्ट-पुष्ट बलिष्ठ बनता है। व्यायाम और आहार की शुद्धता आलस्य नही आने देते हैं। आहार ठीक नहीं तो शरीर खराब होगा। आहार उत्तेजक है या अधिक है तो शरीर मन दोनों उत्तेजना में रहेंगे। इसलिए शुद्ध आहार से शुद्ध विचार आते हैं। मगर चेतना का स्तर ऊर्ध्व नहीं होता है। योग बिलकुल अलग बात है।

पतंजलि योग की पहली सीढ़ी में कहते हैं। यम। यम के पांच अर्थ बताए गए हैं। पहला है अहिंसा। मन और वचन शब्दों से किसी को कष्ट न होने पाए। कोई आपसे दुखी न होने पाए। दूसरा है सत्य। अब यह और कठिन है। सत्य का व्यवहार करना है। दिन-रात झूठ के व्यवहार हैं। व्यापार भी हैं। राजनीति में दिनभर असत्य बोलने की कार्यवाही है। ईशावास्योपनिषद की एक ऋचा में कहा गया है, कि परम सत्य का मुँह हिरण्यमय स्वर्ण पात्र से ढंका है। उपनिषदों में सत्य (ब्रह्म) को निराकार अजन्मा कहा गया है। उपनिषद दार्शनिक और खोज पर जोर देते हैं। गीता में ज्ञान के साथ कर्म कर्तव्य पर जोर है। सत्य को ही बोला जाए सत्य को पहले ही जान लिया जाए। यहाँ फिर तब योग की आवश्यकता पर प्रश्न है। तीसरा है अस्तेय। चोरी न करना। किसी वस्तु की चोरी न करना। यहां चोरी न करना सनातन में निंदित रहा है। भारतीय संस्कृति में बुद्ध, महावीर, श्री अरविंद भी चोरी नहीं करने और अहिंसा पर जोर देते हैं। गांधी ने भी अहिंसा पर जोर दिया। यहाँ पतंजलि चोरी न करने की बात को भी योग से जोड़ते हैं। चित्त से जोड़ते हैं। चोरी न करना योग में उतरने में सहायक बता रहे हैं। अहिंसा को सत्य को चित्त की वृत्ति से जोड़कर योग में जाने का मार्ग वे प्रशस्त करते दिखाई देते हैं। फिर कहते हैं ब्रह्मचर्य। अपनी इंद्रियों को संयम में रखना। अपनी ऊर्जा को बचाकर रखना। इसके बाद है अपरिग्रह। अर्थात वस्तुओं को एकत्रित न करना। संग्रह न करना।

यहाँ निर्मल चित्त योग की नदी पार करने की यात्रा में सहायक होगा। गीता में ही कृष्ण कह रहे हैं योग शारीरिक अभ्यास नहीं है। आत्मा और परमात्मा के मिलन के समभाव में रहकर अपना कर्तव्य निर्वाह ही योग है। गीता अध्याय 2 में श्लोक 48 में उन्होंने ₹समत्वं योग उच्चते कहा है₹। कृष्ण कहते हैं कि सफलता या असफलता की चिंता किए बिना समभाव में रहकर अपना कर्तव्य निर्वाह ही योग है। फिर वह कर्म योग की बात करते हैं। निष्काम कर्म को श्रेष्ठ कह रहें हैं। गीता में योग के तीन प्रमुख मार्ग बताए गए हैं। पहला कर्म योग निष्काम भाव से अपने कर्तव्यों का पालन करना। दूसरा भक्ति योग पूर्ण श्रद्धा और प्रेम के साथ ईश्वर की शरण में जाना। तीसरा है ज्ञान योग। विवेक और ज्ञान योग के माध्यम से सत्य को जानना। योग व्यायाम नहीं है आत्मा का परमात्मा से मिलन और जीवन जीने की उत्कृष्ट कला है योग। गीता में योग कर्मसु कौशलम् अर्थात कर्म में कुशलता। श्रीकृष्ण कहते हैं कर्मों की पूरी कुशलता और संतुलन के साथ करना ही योग है। यहां कुशलता का अर्थ चतुराई नहीं है बल्कि अनासक्त फल की इच्छा के बिना कर्तव्य पालन है।वहीं, पतंजलि ने दुख के पांच कारण बताए हैं, जिन्हें योग द्वारा समाप्त किया जा सकता है। इनमें पहला है अविद्या या असत्य को सत्य मान लेना। दूसरा है ₹अस्मिता₹ अहंकार या स्वयं को शरीर और मन समझ लेना। तीसरे को पतंजलि ने राग कहा है। सुख के प्रति अत्यधिक मोह राग है। और चौथा है अप्रिय के प्रति और अनुभवों के प्रति गुस्सा किया जाना। सफलता के दो स्तम्भ बताएं हैं। मन को स्थिर करने और योग में सफलता के दो उपाय हैं। इसके लिए अभ्यास प्राथमिक है। मन को शांत रखने के लिए लंबे समय तक नियंत्रण का प्रयास करना। दूसरा है वैराग्य अर्थात बाहरी दुनिया की क्षणिक और भौतिक वस्तुओं के प्रति इच्छा का त्याग करना। योग वह अवस्था है जो मनुष्य को संसार के दुखों के बंधनों से मुक्त कर देती है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# शिकार ने पहुंचाया राजा प्रतापभानु को विनाश के द्वार, एक गलती और सब खत्म!

महर्षि याज्ञवल्क्य बड़े ही प्रेम, माधुर्य और भाव-विभोर वाणी से महर्षि भारद्वाज को श्रीरामकथा का अमृतपान करा रहे हैं। मनु-शतरूपा की परम पावन तपोगाथा का वर्णन करने के उपरान्त वे एक प्राचीन इतिहास का उद्घाटन करते हैं, जिसे स्वयं भगवान शंकर ने माता पार्वती को सुनाया था। यह कथा कैकय देश के परम प्रतापी नरेश सत्यकेतु और उनके पुत्र प्रतापभानु से संबंधित है।



राजा सत्यकेतु धर्मरूपी धुरी के धारक, नीति के निधान, तेज और प्रताप के पुंज, शील और सदाचार की मूर्ति तथा अपार बल के स्वामी थे। उनके शासन में धर्म की पताका सदा ऊँची फहराती थी और प्रजा सुख, शांति तथा समृद्धि का जीवन व्यतीत करती थी। ऐसे पुण्यात्मा नरेश के दो वीर पुत्र थे, जो समस्त सद्गुणों के भंडार और रणभूमि के अद्वितीय योद्धा थे–

ज्येष्ठ पुत्र का नाम प्रतापभानु था और कनिष्ठ पुत्र अरिमर्दन कहलाता था। अरिमर्दन की भुजाओं में सहस्त्र गजराजों के समान बल विद्यमान था। दोनों भ्राताओं के मध्य ऐसा निर्मल स्नेह था, जिसमें छल, कपट और स्वार्थ का लेशमात्र भी स्थान न था।

जब राजा सत्यकेतु ने देखा कि उनका ज्येष्ठ पुत्र राज्य संचालन में पूर्णतः समर्थ हो चुका है, तब उन्होंने राजसिंहासन प्रतापभानु को सौंप दिया और स्वयं वन में जाकर भगवान की भक्ति तथा तपस्या में लीन हो गए।

राजा प्रतापभानु का एक अत्यन्त विद्वान, धर्मनिष्ठ और दूरदर्शी मंत्री था, जिसका नाम धर्मरुचि था। वह सदैव राजा को वेद-विहित मार्ग, धर्ममय आचरण और लोककल्याणकारी नीतियों का उपदेश देता रहता था। परिणामस्वरूप प्रतापभानु के राज्य में दुःख, दारिद्र्य और क्लेश का नामोनिशान तक न था। प्रजा ऐसे सुख का अनुभव करती थी, मानो स्वर्ग स्वयं पृथ्वी पर अवतरित हो गया हो। धीरे-धीरे प्रतापभानु के पराक्रम और नीति के प्रभाव से समस्त पृथ्वी उनके अधीन हो गई।

एक दिन राजा प्रतापभानु शिकार की अभिलाषा से सुसज्जित होकर अपने तीव्रगामी अश्व पर आरूढ़ हुए और विशाल वन की ओर प्रस्थान किया। अनेक मृगों का आखेट करने के पश्चात उनकी दृष्टि एक असाधारण, विशालकाय और अत्यन्त बलवान वराह पर पड़ी। उस वराह का शरीर पर्वत के समान विशाल और गति वायु के समान तीव्र थी।

राजा ने पूर्ण एकाग्रता और पराक्रम के साथ उस पर बाणों की वर्षा आरम्भ कर दी, किन्तु वह विचित्र वराह प्रत्येक बार उनकी दृष्टि से ओझल हो जाता। ऐसा प्रतीत होता था मानो कोई मायावी शक्ति उसे संरक्षण प्रदान कर रही हो। अंततः वह भागता हुआ वन की गहनतम गहराइयों में स्थित एक अंधकारमयी गुफा में प्रवेश कर गया।

प्रतापभानु ने गुफा के मुख पर पहुँचकर भीतर प्रवेश करने का विचार किया, किन्तु विवेक ने उन्हें रोक लिया। अज्ञात गुफा में प्रवेश करना उन्हें उचित न लगा। अतः उन्होंने लौटने का निश्चय किया।

किन्तु तभी उन्हें एक नई समस्या का आभास हुआ। वराह का पीछा करते-करते वे वन के ऐसे निर्जन और अपरिचित भाग में पहुँच चुके थे, जहाँ से अपने राज्य की दिशा का कोई ज्ञान नहीं हो रहा था। दिन ढलने को था, शरीर थकान से चूर था और प्यास कण्ठ को दग्ध कर रही थी। वे कभी जल की खोज में इधर-उधर भटकते, कभी किसी वृक्ष की छाया में क्षणभर विश्राम करते और फिर आगे बढ़ जाते। इसी प्रकार भटकते-भटकते उनकी दृष्टि एक आश्रम पर पड़ी। आश्रम को देखकर उनके हृदय में आशा का संचार हुआ, किन्तु वे यह नहीं जानते थे कि वह किसी महात्मा का आश्रम नहीं, अपितु एक कपटी और प्रतिशोधाग्नि से दग्ध व्यक्ति का निवास था।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

**न्यूज IN ब्रीफ**

## जेजेए के जिला अध्यक्ष बने चंदन सिंह महासचिव रब नवाज



**साहिबगंज :** सिदो कान्हू सभागार में रविवार को झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन की बैठक राज्य से मनोनीत जिला प्रभारी शौकत खान की निगरानी एवं राज्य सचिव अरविंद ठाकुर, प्रवीण कुमार, शिव शंकर निराला की उपस्थिति में हुई। इसके पूर्व पुरानी कमिटी को भंग कर दिया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से चंदन सिंह को जिला अध्यक्ष, भूदेव कुमार, अब्दुल मन्नान व अफसर अली को उपाध्यक्ष, रब नवाज आलम को महासचिव, आलोक कुमार व मो गुलजार को सचिव, अमित कुमार को कोषाध्यक्ष एवं बृजेन्द्र कुमार व दीपक केसरी को कार्यकारिणी सदस्य को मनोनीत किया गया।मौके पर अमित चौधरी,जहांगीर आलम,रिजवानुल हक,फतेह आलम, कालीचरण मंडल,श्रीकांत यादव, मेहताब आलम,विकास सिंह, कृष्णकांत कुमार,संतोष चौरसिया, एमके यादव,केएन यादव,अमित साह, सागर सुमन,राकेश रमन सरकार, भाष्कर घोष,कमल हुसैन,सपन कुमार, मिथुन यादव,आनंद चौधरी,अभिषेक, सरोज झा,फरोग अहसन,उदित नारायण,रूपेश कुमार,धनंजय हलदर, आंनद कुमार,गोविंद ठाकुर,इमरान, संदीप सिंह,विजय केजरीवाल,शंकर पंडित,हलीम अंसारी,पवन कुमार,सोनू ठाकुर,मानव दत्ता,संजय मोदी,अजीत कुमार झा,नागराज,बृजनंदन,दीपक डोकानिया सहेंद्र श्रीकांत सेन,बिपिन राज,केदार साह,मलिक अख्तर देव आर्यन,रंजन पासवान,चंदन,वसीम आलम अभिमिलेख मरांडी,अमित राज सिंह,अरविंद यादव,मुन्ना यादव,विकास शर्मा,राजेश कुमार,शशिकांत यादव,मनीष शर्मा,विकास शर्मा,अमित राज सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे ।

## 501 कलश के साथ निकला भव्य कलश यात्रा



**साहिबगंज :** नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत हरिपुर शिवालय में रविवार से पांच दिवस राधा कृष्ण, गणेश भगवान एवं बजरंगबली का मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह पूजन कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। सुबह 501 कलश के साथ महिलाए कलश यात्रा में शामिल हुए। ढोल नगाड़ा गाजे बाजे घोड़ा और रथ के साथ मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकलकर कॉलेज रोड, पूर्वी फाटक, एसडीओ कोठी, ओझा टोली, मां बायसी मंदिर समीप स्थित गंगा तट से जलभर कर वैदिक मंत्रोचारण के साथ कलश पूजन करके कलश यात्रा गंगा तट से निकलकर घाट रोड, बड़तल्ला स्ट्रीट, कृष्णनगर, ग्रीन होटल चौक, कॉलेज रोड होते हुए हरिपुर शिवालय पहुंचकर कलश यात्रा संपन्न हुआ। समिति अध्यक्ष ने बताया कि पहला दिन कलश यात्रा निकला, 22 जून को गाजे बाजे के साथ राधा कृष्ण, गणेश भगवान एवं बजरंगबली मूर्ति का नगर भ्रमण कराया जाएगा। 23 जून को फलाधिवास 24 जून को अन्नाधिवास पुष्पाधिवास, सज्जा अधिवास व फलाधिवास होगा। 25 जून को प्राण प्रतिष्ठा व संध्या में भोग वितरण किया जाएगा।मौके पर पप्पू स्वर्णकार,संतोष मोदी श्रवण मोदी, कुंदन साह,संजय यादव,नीरज कुमार, मुन्ना यादव,आशीष यादव,राजा सहित सैकड़ो महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल थे।

## मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव और उनकी रोकथाम को लेकर चला हस्ताक्षर अभियान



**साहिबगंज :** खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड रांची के निदेश के आलोक में जिला खेल कार्यालय, साहेबगंज द्वारा मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव एवं उनकी रोकथाम को लेकर फूलों झानो इनडोर स्टेडियम में उपायुक्त श्री दीपक कुमार दुबे ने हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किए। इस अवसर पर कई पदाधिकारी एवं आम नागरिक खिलाड़ी, विद्यार्थी उपस्थित थे। वहीं जागरूकता अभियान के अंतर्गत सोमवार को प्रातः 6:00 बजे से महिला एवं पुरुष वर्ग के बीच क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया जाएगा।पुनः संध्या 4 बजे से चांद भैरव इनडोर स्टेडियम साहिबगंज में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक व सामाजिक दुष्प्रभावों को रोकने हेतु आम नागरिकों विशेष कर युवाओं को प्रेरित करना है। ताकि युवाओं को नशे से दूर रहकर खेल एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया जाए। सभी मिलकर नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाये।युवाओं एवं खिलाड़ियों में मादक पदार्थों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना तथा खेलों के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश का प्रसार करना है। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नशामुक्त व स्वस्थ समाज के निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करना है।इस मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक-सह- जिला खेल पदाधिकारी कुमार हर्ष, खेल समन्वयक कौशल किशोर मरांडी , कोच योगेश यादव, प्रकाश सिंह बादल समेत अन्य मौजूद थे।

## कल्याणकारी योजनाओं तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत चर्चा

**साहिबगंज :** झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक अपनी संगठन को और अधिक मजबूत बनाने एवं सदस्यता अभियान को गति देने के उद्देश्य से रविवार को मंडरो हाट परिसर के समीप प्रखंड अध्यक्ष रोशन मुर्मू की अध्यक्षता में बैठक की गई।बैठक में केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव मुख्य रूप से मौजूद थे।बैठक में संगठन विस्तार,नए सदस्यों को जोड़ने और मजदूरों के अधिकारों और कल्याणकारी योजनाओं तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

# किशोरी का शव पेड़ से लटका मिला

### प्रेम प्रसंग और पारिवारिक विवाद के एंगल पर जांच



**संवाददाता**

**चतरा :** जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र के लमटा पंचायत के कसियाडीह गांव से सटे जंगल की पहाड़ी पर शनिवार को एक 15 वर्षीय किशोरी का शव करम के पेड़ से दुपट्टे के फंदे में झूलता हुआ मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।मृतका की पहचान गांव निवासी मुकेश भुइयां की पुत्री पूजा कुमारी के रूप में हुई है,जो शुक्रवार रात से लापता थी।जानकारी के अनुसार,परिजन रात से ही किशोरी की तलाश कर रहे थे।शनिवार दोपहर करीब तीन बजे पिता मुकेश भुइयां खोजबीन करते हुए पहाड़ी पर पहुंचे,जहां उन्होंने अपनी पुत्री का शव पेड़ से लटका देखा।इसके बाद उन्होंने परिजनों को सूचना दी।शव को नीचे उतारकर घर लाया गया और पुलिस को घटना की जानकारी दी गई।सूचना मिलने पर लावालौंग पुलिस गांव पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि मामले के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है।उन्होंने कहा कि पुलिस हर संभावित एंगल पर छानबीन कर रही है और जल्द ही किसी ठोस निष्कर्ष तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा।मृतका के पिता ने अपने ही सगे भाइयों पर हत्या का आरोप लगाया है।वहीं, ग्रामीणों और परिजनों से पूछताछ में कई अन्य तथ्य भी सामने आए हैं।बताया जाता है कि मृतका का शिवराजपुर गांव के एक युवक नटवा उरांव के साथ संपर्क था। ग्रामीणों के अनुसार, शुक्रवार रात को मृतक नटवा को पांच बोतल माड़ी लेकर गांव के एकांत वाले इलाके में बुलाई थी। इसके बाद नटवा अपने दोस्त दिलीप उरांव के साथ मिलने पहुंचा।दस बजे रात को मृतक भी अपने दो दोस्तों के साथ मिलने पहुंची थी।इसी दौरान लड़कियों के परिजन वहां पहुंच गए जिन्हें देखकर तीनों लड़कियां और दिलीप भाग खड़ा हुआ। वहीं नटवा को पकड़कर लड़की के परिजनों ने जमकर पिटाई कर दिया।इसके बाद किशोरियों को भी फटकार लगाई गई थी। इसके बाद तीनों लड़कियां गांव के ही एक अन्य व्यक्ति के छत पर सो गई। मृतक की माता ने बताया कि मैं भी लड़कियों के साथ सो गई थी। चार बजे भोर में शिवराजपुर गांव का पुसन भुइयां घर के पिछे डोरही चुनने के लिए पहुंचे।जिसे देखकर मैं भी उनके साथ चली गई। जिस घर में सोई थी उसी घर की छोटी बच्ची ने बताया कि चार बजे भोर में ही पूजा दरवाजा खुलवाई और चार्ज में लगे मोबाइल को लेकर उस ओर ही चली गई जिधर उसकी मां एक अन्य व्यक्ति के साथ गई थी।बाद में उसका शव जंगल की पहाड़ी पर मिला।इधर मृतका के दादा और चाची ने दावा किया है कि गांव के ही एक अन्य युवक के साथ भी उसका प्रेम प्रसंग था।उनका कहना है कि हाल ही में उस युवक की शादी होने के बाद किशोरी मानसिक रूप से परेशान थी और उसने आत्महत्या करने की बात भी कही थी।घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चचाएं हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों का कहना है कि मामले में कई पहलू सामने आ रहे हैं। उनका मानना है कि निष्पक्ष एवं गहन जांच से ही घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

## नमो एप क्विज में बजरंगी प्रसाद यादव देश में तीसरे झारखंड में पहले स्थान पर



**संवाददाता**

**साहिबगंज :** जिले के समाजसेवी एवं भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री बजरंगी प्रसाद यादव ने नमो एप पर 18 जून को आयोजित राष्ट्रीय क्विज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देशभर में तीसरा और झारखंड में पहला स्थान हासिल किया है।उनकी इस उपलब्धि से जिले सहित भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों ने खुशी जताई है।आयोजकों द्वारा जारी शीर्ष10 प्रतिभागियों की सूची में बजरंगी प्रसाद यादव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अमित भारद्वाज और द्वितीय स्थान पर गुजरात के सागर गुजर रहे।यह प्रतियोगिता केंद्र सरकार के पिछले 12 वर्षों की उपलब्धियों,विकास कार्यों और विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्रश्नों पर आधारित थी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स पूर्व में ट्विटर हैंडल पर परिणाम साझा करते हुए विजेताओं को बधाई दी।उन्होंने कहा कि प्रतिभागियों का प्रदर्शन बीते 12 वर्षों में देश में हुए विकास, जनकल्याणकारी पहलों और शासन की उपलब्धियों की गहरी समझ को दशार्ता है।जानकारी के अनुसार,नमो एप पर केंद्र सरकार की योजनाओं विकास कार्यों और विभिन्न जनहित कार्यक्रमों से जुड़ी जानकारियां नियमित रूप से साझा की जाती हैं।समय-समय पर आयोजित होने वाली क्विज प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभागियों की जानकारी जागरूकता और सहभागिता का आकलन किया जाता है।बजरंगी प्रसाद यादव राजनीति के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं।वे समय-समय पर गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता,किसानों की समस्याओं के समाधान,सामाजिक जागरूकता अभियानों तथा जनहित के विभिन्न कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाते हैं।सामाजिक सरोकारों से जुड़ाव और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के कारण क्षेत्र में उनकी अलग पहचान है।उनकी इस उपलब्धि पर भाजपा के कई नेताओं,कार्यकताओं और समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे साहिबगंज और झारखंड के लिए गौरव का विषय बताया है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## नियमित योगाभ्यास को जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाने का दिया संदेश

**संवाददाता**

**साहिबगंज :** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन साहिबगंज के तत्वावधान में प्रातः सिद्धू-कान्हू इंडोर स्टेडियम में भव्य सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग को केंद्र में रखकर आयोजित कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों कर्मियों छात्र-छात्राओं व नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर उपायुक्त दीपक कुमार दूबे, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में उपस्थित प्रतिभागियों ने ताड़ासन त्रिकोणासन वज्रासन भुजंगासन प्राणायाम एवं ध्यान सहित विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास किया। कार्यक्रम में सभी अधिकारियों कर्मियों ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए नियमित



योगाभ्यास को स्वस्थ जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिया।अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिले के सभी प्रखंडों पंचायतों विद्यालयों महा विद्यालयों व विभिन्न सरकारी कार्यालयों में भी सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में शिक्षकों प्रतिनिधियों आंगनबाड़ी सेविकाओं स्वास्थ्य कर्मियों स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं एवं ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई।कार्यक्रम के समापन अवसर पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने नियमित योगाभ्यास कर स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवन जीने का संकल्प लिया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का यह आयोजन जिले में स्वास्थ्य जागरूकता अनुशासन एवं सकारात्मक ऊर्जा के प्रसार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। साथ ही यह आयोजन समाज के प्रत्येक वर्ग को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और योग को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य को सशक्त बनाने में सफल रहा।

## योग सत्र का समापन स्वस्थ और निरोग समाज के निर्माण के संकल्प के साथ हुआ



**संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवा:** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर बरहरवा हाई स्कूल मैदान में आदित मेडिकल बरहरवा के तत्वावधान में समाजसेवी सुमन कुमार के सहयोग से और बरहरवा उच्च विद्यालय के प्राचार्य एवं योग प्रशिक्षक श्री अभिनव कुमार शास्त्री के निर्देशन में एक विशेष एक दिवसीय योग शिविर का सफल आयोजन किया गया।इस अवसर पर समाजसेवी सुमन कुमार, कांग्रेस के साहिबगंज जिला अध्यक्ष बरकत खान भाजपा कार्यकर्ता श्री कमल भगत बरहरवा के स्टेशन प्रबंधक गुप्ता जी बरहरवा अंचल पदाधिकारी अनोज कुमार सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे तथा योग सत्र में भाग लेकर योग के महत्व को जन-जन तक पहुँचाने का संदेश दिया।योग शिविर में युवाओं, बच्चों, महिलाओं एवं स्थानीय नागरिकों की उल्लेखनीय भागीदारी रही। सभी प्रतिभागियों ने अभिनव कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासन व प्राणायाम का अभ्यास किया। स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।समाज को निरोग स्वस्थ व जागरूक बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में समाजसेवी सुमन कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके इस सराहनीय प्रयास ने पूरे बरहरवा को एक सूत्र में बाँधने का कार्य किया। सामाजिक दायित्वों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दशार्या। उपस्थित लोगों ने उनके इस प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की और इसे समाजहित में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। सफल बनाने में समाजसेवी सुमन कुमार के सहयोगी रंजीत रमानी, कमल सिंह, ललन कुमार भगत, अमित गुप्ता, चंदन गुप्ता गोपाल कुमार झा व मनोज कुमार का विशेष योगदान रहा। सभी सहयोगियों ने कार्यक्रम की व्यवस्था, समन्वय एवं जनसंपर्क में सक्रिय भूमिका निभाई जिसके कारण योग शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।कार्यक्रम के आयोजक आदित मेडिकल, बरहरवा की ओर से सभी प्रतिभागियों, अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया। योग सत्र का समापन स्वस्थ एवं निरोग समाज के निर्माण के संकल्प के साथ हुआ। उपस्थित लोगों ने नियमित रूप से योग करने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

## उधवा प्रखंड में कॉग्रेस का जनसंपर्क तथा जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित



**संवाददाता**

**साहिबगंज :** झारखंड कांग्रेस के प्रदेश सचिव अनिल ओझा जी के द्वारा राजमहल विधानसभा क्षेत्र के उधवा प्रखंड के अंतर्गत श्रीधर अमानत घाट पियरपुर में चलाया सघन जनसंवाद और जनसंपर्क अभियान।कॉग्रेस के प्रदेश सचिव अनिल ओझा ने भाग लिया एवं लोगों के बीच जनसंवाद के माध्यम से उपस्थित सैकड़ों लोगों के बीच व्याप्त समस्याओं की जानकारी ग्रामीणों से लिया व लोगों के बिजली ,सड़क, अन स्टेलमेंट्स जमीन से जुड़ी समस्याओं को एवं एस आईआर के समस्याओं का संबंधित पदाधिकारी से बातचीत करके समाधान को अवगत करवाया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से जिला सचिव हाफिज सईद अख्तर, संजय कुमार प्रसाद, मौलाना फारूक शमशी,जिला सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर आरिफ आलम , मंडल अध्यक्ष मो.मोरसालिम, मंडल अध्यक्ष मो० मुकुलेसुर रहमान, गुफरान आलम,हक साहब, माताहर, जाकिर, मोईम, सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल हुये।

## योग से लोगों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है : अखिल



**संवाददाता**

**साहिबगंज :** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निदेशार्नुसार और माननीय प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन व अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज द्वारा भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अखिल कुमार और न्यायिक अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।क्षव्यवहार न्यायालय परिसर, साहिबगंज में आयोजित इस योग कार्यक्रम में माननीय प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष अखिल कुमार सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारीगण, न्यायालय कर्मी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अधिकारी कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और योगाभ्यास किया।झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश के अनुपालन में शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने व योग के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।द आर्ट ऑफ लिविंग, झारखण्ड के सहयोग से राज्य के विभिन्न कारागारों, ऑब्जर्वेशन होम, शेल्टर होम व वृद्धा आश्रमों में भी योग सत्र आयोजित किए गए। साहिबगंज जिले में मंडल कारा, उपमंडल कारा, वृद्धा आश्रम, विद्यालयों, पंचायतों में संबंधित संस्थानों में योग कार्यक्रमों का आयोजन किया। इन कार्यक्रमों में लीगल एड डिफेंस काउंसिल एवं पारा लीगल वॉलंटियर्स न्याय मित्रों की सक्रिय भूमिका रही। संबंधित संस्थानों के सदस्यों एवं लाभार्थियों ने योग सत्र में बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रधान जिला न्यायाधीश अखिल कुमार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य उद्देश्य योग के माध्यम से लोगों को शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। नियमित योगाभ्यास व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा अनुशासन आत्मविश्वास एवं मानसिक संतुलन बनाए रखने में सहायक होता है। सभी लोगों को योग को अपनी दैनिक जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाने तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया।जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज ने आम जनता से अपील की है कि वे योग के महत्व को समझें, इसे अपने जीवन में अपनाएं तथा स्वस्थ समाज के निर्माण में अपना योगदान दें।

# धीमी ओवर गति पर इंग्लैंड को बड़ा झटका, 12 डब्ल्यूटीसी अंक कटे

एजेंसी

**लंदन :** विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में पहली बार पहुंचने की इंग्लैंड की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। न्यूजीलैंड के खिलाफ ओवल में खेले गए दूसरे टेस्ट में धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण इंग्लैंड के 12 डब्ल्यूटीसी अंक काट लिए गए हैं। ओवल टेस्ट में न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को 253 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला बराबर कर दी। मैच के बाद यह पाया गया कि इंग्लैंड निर्धारित समय के मुकाबले 12 ओवर पीछे रहा। इसके चलते टीम पर अंक कटौती के साथ-साथ खिलाड़ियों की मैच फीस का 50



प्रतिशत जुमार्ना भी लगाया गया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने अपने बयान में कहा कि इंग्लैंड के कार्यवाहक कप्तान जो रूट ने गलती स्वीकार कर ली और प्रस्तावित दंड को मान लिया, जिसके बाद औपचारिक सुनवाई की आवश्यकता नहीं पड़ी। इस दंड के बाद विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में इंग्लैंड सातवें स्थान पर बना हुआ है, लेकिन उसका अंक प्रतिशत 34.72 से घटकर 26.38 हो गया है। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका की शीर्ष दो टीमें अगले वर्ष लॉर्ड्स में होने वाले फाइनल में आमने-सामने होंगी। फिलहाल शीर्ष दो स्थानों पर ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका काबिज हैं। इंग्लैंड के नियमित कप्तान बेन स्टोक्स अब नॉटिंघम में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट में वापसी करेंगे। स्टोक्स और तेज गेंदबाज गस एटकिंसन दूसरे टेस्ट में लंदन के एक नाइट क्लब में समय सीमा उल्लंघन के कारण निलंबित रहे थे।

## फीफा विश्व कप 2026 : इराक के खिलाफ फ्रांस के लिए 100वां मैच खेलेंगे एम्बाप्पे

फिलाडेल्फिया : फ्रांस के कप्तान किलियन एम्बाप्पे सोमवार को इराक के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप-आई मुकाबले में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का 100वां मैच खेलने उतरेंगे। मुकाबले से पहले फिलाडेल्फिया में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि उनके लिए बेहद खास है। एम्बाप्पे ने कहा कि अपने देश के लिए खेलना हमेशा गर्व की बात होती है और विश्व कप जैसे मंच पर 100 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले पूरे करना इसे और भी यादगार बना देता है। उन्होंने कहा कि सौ का आंकड़ा ऐतिहासिक होता है और विश्व कप में इस उपलब्धि तक पहुंचना उनके लिए विशेष क्षण होगा। 27 वर्षीय एम्बाप्पे फ्रांस के लिए 100 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलने वाले 10वें खिलाड़ी बन जाएंगे। हालांकि वह अभी भी पूर्व कप्तान और गोलरक्षक ह्यूगो लोरिस के 145 मुकाबलों के रिकॉर्ड से पीछे हैं। हाल ही में सेनेगल के खिलाफ दो गोल कर एम्बाप्पे फ्रांस के सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बन चुके हैं। उनके नाम अब 58 अंतरराष्ट्रीय गोल दर्ज हैं और उन्होंने ओलिवियर जिरू का रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया है। एम्बाप्पे ने कहा कि व्यक्तिगत उपलब्धियों से ज्यादा उनके लिए टीम की सफलता महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इराक के खिलाफ जीत टीम को अगले चरण के करीब पहुंचाएगी और वही सबसे बड़ी प्राथमिकता है। विश्व कप को लेकर उन्होंने कहा कि वह अपने देश के लिए इतिहास में याद किए जाना चाहते हैं और विश्व कप जैसा मंच किसी भी खिलाड़ी के लिए अपनी क्षमता दिखाने का सबसे बड़ा अवसर होता है।

## आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण जीतने पर बोले प्रीतम- तकनीक पर रखा पूरा ध्यान



**सुहल (जर्मनी) :** भारत के 16 वर्षीय निशानेबाज प्रीतम केंद्रे ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार पहचान बनाते हुए आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैम्पियनशिप 2026 में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीत लिया। अपने केवल दूसरे अंतरराष्ट्रीय टूनामेंट में हिस्सा लेते हुए प्रीतम ने आठ खिलाड़ियों के फाइनल में बेहद संयमित और शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 251.3 अंक हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। तटस्थ खिलाड़ी तिमोफेई अलेइनिकोव ने रजत और नॉर्वे के जेन्स ओएस्टली ने कांस्य पदक जीता। विश्व खिताब जीतने के बाद प्रीतम ने कहा कि प्रतियोगिता के दौरान उनका पूरा ध्यान केवल अपनी तकनीक और हर शॉट को बेहतर तरीके से खेलने पर था। प्रीतम ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ह्लइस जीत से मैं बेहद खुश हूं। पूरी प्रतियोगिता के दौरान मेरा ध्यान केवल अपनी तकनीक पर रहा और हर शॉट में सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश की। पुणे के रहने वाले युवा निशानेबाज ने अपनी सफलता का श्रेय गगन नारंग गन फॉर ग्लोरी शूटिंग अकादमी को भी दिया। उन्होंने कहा,ह्लअकादमी के प्रशिक्षकों ने मुझे व्यक्तिगत रूप से काफी मार्गदर्शन दिया। हमारी तैयारी हमेशा तकनीक सुधारने पर केंद्रित रही और मुझे लगता है कि यही इस सफलता का सबसे बड़ा कारण बना। हाल ही में दसवीं की परीक्षा पूरी करने वाले प्रीतम ने कहा कि यह उपलब्धि उन्हें आगे और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी।

उन्होंने कहा,ह्लविश्व चैम्पियनशिप का स्वर्ण पदक जीतने से मेरा आत्मविश्वास काफी बढ़ा है। मैं 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में लगातार बेहतर प्रदर्शन करना चाहता हूं और भारत के लिए आने वाले वर्षों में कई और पदक जीतना चाहता हूं। आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैम्पियनशिप का यह पांचवां संस्करण जर्मनी के सुहल में आयोजित हो रहा है, जिसमें 70 राष्ट्रीय महासंघों के 800 से अधिक निशानेबाज हिस्सा ले रहे हैं। भारत ने इस प्रतियोगिता में 84 सदस्यीय दल उतारा है। इससे पहले 2024 में पेरू के लीमा में आयोजित प्रतियोगिता में भारत 24 पदकों (13 स्वर्ण, 3 रजत और 8 कांस्य) के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर रहा था। यह प्रतियोगिता 26 जून तक चलेगी।





# तीसरी बार मां बनेंगी अभिनेत्री एनी हैथवे

### फैंस के साथ साझा की खुशखबरी; सेलेब्स ने लुटाया प्यार

**हॉलीवुड** एक्ट्रेस एनी हैथवे ने अपने फैंस को चौंका दिया। एक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करते हुए अपनी प्रेग्नेंसी की खबर फैंस को दी। वह तीसरी बार मां बनने वाली हैं। ऑस्कर विनिंग हॉलीवुड एक्ट्रेस हॉलीवुड एक्ट्रेस एनी हैथवे 43 साल की उम्र में तीसरी मां बना बनेंगी। इस खुशी की खबर को उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपने फैंस के साथ बांटा है। यह खबर जानकर उनके फैंस और हॉलीवुड के कई सेलेब्स खुशी से फूले नहीं समाए हैं। एनी हैथवे ने इंस्टाग्राम पर शुक्रवार देर रात एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में वह सफेद पहनावे में अपने लिविंग रूम में चल रही हैं। फिर वह घूमती हैं और अपना बेबी बंप दिखाती हैं। वीडियो के कैप्शन में भी लिखा है, ' बेबी, मैं तुम्हारी हूं।'

### पहले ही दो बेटों की मां हैं एनी हैथवे

एनी हैथवे और उनके पति एडम की यह तीसरी संतान होगी। दोनों ने साल 2012 में शादी की थी। इनके दो बेटे हैं। 10 साल के बेटे का नाम जोनाथन है, वहीं 6 साल के बेटे का नाम जैक है। अब एनी हैथवे तीसरी बार प्रेग्नेंट हैं। यह खुशी उन्होंने अपने फैंस के साझा की है। एनी हैथवे की पोस्ट पर फैंस और हॉलीवुड के कई सेलेब्स ने प्यार लुटाया है, एक्ट्रेस को बधाई दी है।

19 साल बाद फिर गूंजा

# 'ऊंचा लंबा कद'

### आनंद राज आनंद बोले- 'मैं कभी दूर नहीं गया, बस क्रिएटिव फेज में था'



मशहूर संगीतकार आनंद राज आनंद का लोकप्रिय गाना 'ऊंचा लंबा कद' लगभग 19 साल बाद फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' के जरिए फिर से सुनाई दे रहा है। इस वापसी को लेकर उन्होंने अपनी भावनाएं साझा की और बताया कि उनके लिए यह सिर्फ वापसी नहीं, बल्कि एक यात्रा का स्वाभाविक हिस्सा है। संगीतकार आनंद राज आनंद ने कहा, 'मुझे लगता है कि मैं कभी इंडस्ट्री से दूर नहीं हुआ। मैं हमेशा संगीत से जुड़ा रहा हूं, बस फर्क इतना रहा कि कभी मैं रचनात्मक सोच में था। कभी उसे व्यावहारिक रूप देने में लगा था। संगीत कभी रुका नहीं, इसलिए यह वापसी मेरे लिए नई शुरुआत नहीं, बल्कि एक निरंतरता जैसी है।' उन्होंने 2007 की उस याद को भी ताजा किया जब उन्होंने फिल्म 'वेलकम' के लिए गाना बनाया था। इस गाने में अक्षय कुमार और कैटरीना कैफ थे। यह गाना उस समय काफी पॉपुलर हुआ था। अब लगभग दो दशक बाद उसी गाने का नया वर्जन फिर से दर्शकों के सामने लाया गया है। आनंद राज आनंद ने कहा, '''वेलकम' मेरे करियर की सबसे यादगार फिल्मों में से एक रही है। इस फ्रेंचाइजी के साथ मेरा एक गहरा जुड़ाव है। इसमें मेरे कई गाने लोगों की यादों का हिस्सा बन गए हैं। अब उन्हीं गानों को नई पीढ़ी के लिए तैयार किया जा रहा है, तो यह मेरे लिए बेहद भावनात्मक और जादुई अनुभव जैसा है। उन्होंने अपनी वापसी पर कहा, ''मुझे लगातार जो प्यार मिल रहा है, वह मेरी उम्मीद से कहीं ज्यादा है। लोगों का यह समर्थन मुझे भावुक कर देता है और यह एहसास दिलाता है कि मेरा संगीत आज भी उतना ही प्रभावशाली है जितना पहले था। यह एक कलाकार के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि होती है।'' आनंद राज आनंद ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि मैं कभी गायब हुआ था। मैं हमेशा संगीत की दुनिया में मौजूद रहा हूं, बस मैंने कभी खुद को पीछे हटाकर क्रिएटिव सोच पर ध्यान दिया और कभी सीधे काम पर। आज भी मेरे पुराने गाने सोशल मीडिया पर रील्स और वीडियो में खूब इस्तेमाल किए जाते हैं। संगीत समय के साथ पुराना नहीं होता, बल्कि और भी मजबूत होता जाता है। उन्होंने बताया, ''फिल्म 'वेलकम' के समय मुझे अचानक रात में कॉल आया था। उस समय टीम को बहुत कम समय में तीन गाने चाहिए थे, और मुझे सिर्फ 15 दिनों का समय दिया गया था। यह मेरे लिए एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन मैंने इसे स्वीकार किया और मेहनत से काम पूरा किया। उन्हीं दिनों में बने 'ऊंचा लंबा कद' और 'होठ रसीले' जैसे गाने शामिल थे, जो आगे चलकर सुपरहिट साबित हुए।

*तीन दशक से ज्यादा वक्त गुजर चुका है, लेकिन माधुरी दीक्षित आज भी उन कलाकारों में शुमार हैं जिन्होंने हर दौर में खुद को बदलकर दिखाया।*

महिला केंद्रित फिल्मों पर माधुरी दीक्षित ने रखी राय

# 'वही करना चाहती हूं जो पहले कभी न किया हो'

माधुरी दीक्षित इन दिनों हालिया रिलीज फिल्म 'मां बहन' को लेकर चर्चा में हैं। अमर उजाला से हुई इस खास बातचीत में उन्होंने सिर्फ आज के दौर पर ही बात नहीं की, बल्कि उस दौर को भी याद किया जब इंडस्ट्री में उन्हें सुनना पड़ता था कि 'ये लड़की नहीं चलेगी।' संघर्ष, स्टारडम और बदलते सिनेमा पर अभिनेत्री ने काफी कुछ कहा...

### मां की बात हमेशा याद रही

करियर के शुरुआती दिनों को याद करते हुए माधुरी ने बताया, 'जब मैंने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी, तब मैं उस दौर की बनी-बनाई हीरोइनों जैसी नहीं दिखती थी। इस वजह से कई बातें होती थीं। लोग कहते थे ये बहुत पतली है, ये कैसे चलेगी? नहीं हो पाएगा। लेकिन उस वक्त मेरी मां मेरे साथ खड़ी रही। वो हमेशा एक बात कहती थीं कि लोग आज जिस चीज के लिए तुम्हारी आलोचना कर रहे हैं, कल वही तुम्हारी सबसे बड़ी ताकत बनेगी।'

### लोगों ने मन में डाली असुरक्षाएं

जब माधुरी से पूछा गया कि क्या कभी उन्होंने खुद असुरक्षा महसूस की? तो अभिनेत्री ने कहा, 'आज मैं खुद के साथ पूरी तरह सहज हूं। लेकिन असुरक्षाएं तब थीं जब मैंने नया-नया काम शुरू किया था। उस समय कुछ लोगों ने मेरे मन में असुरक्षाएं डालने की कोशिश की थी। लेकिन मेरी मां चट्टान की तरह मेरे साथ खड़ी थीं। वो हर बार मेरी हर असुरक्षा को वहीं खत्म कर देती थीं।'

### हीरो की फिल्म को कोई नाम नहीं देता

हिंदी सिनेमा में महिलाओं को लेकर बदलती सोच पर बात करते हुए माधुरी ने एक ऐसा सवाल उठाया, जिस पर इंडस्ट्री में बहस हो सकती है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है 'मां बहन' जैसी फिल्में इस बात का संकेत हैं कि अब चीजें बदल रही हैं। आज हमारे पास ऐसे लेखक और निर्देशक हैं जो महिलाओं को कहानी के केंद्र में रखकर काम कर रहे हैं। लेकिन एक बात मुझे आज तक समझ नहीं आती। जब किसी हीरो की फिल्म आती है तो कोई उसे अलग नाम नहीं देता, लेकिन जैसे ही हीरोइन कहानी के केंद्र में होती है, फिल्म को तुरंत 'फीमेल सेंट्रिक' कह दिया जाता है। आखिर ऐसा क्यों?

### मैं कभी एक जैसी रही ही नहीं

फिल्म 'मां बहन' के बाद कहा जा रहा है कि क्या माधुरी अपनी एक नई पहचान गढ़ रही हैं? इसके जवाब में एक्ट्रेस ने कहा, 'ऐसा कुछ नहीं है। जब लोग मुझे धक धक गर्ल कहते थे, तब भी मैंने 'मृत्युदंड', 'पुकार' और 'लज्जा' जैसी फिल्में की थीं। मैं हमेशा वही करना चाहती हूं जो मैंने पहले कभी न किया हो। यही चीज मुझे आगे बढ़ाती है। मैं हमेशा खुद को बदलते रहना चाहती हूं। अगर लोगों को अब ऐसा लग रहा है तो मुझे खुशी है।'

### बचपन का अनुभव फिल्म से जुड़ गया

फिल्म के सामाजिक पहलू पर बात करते हुए माधुरी ने बचपन की एक याद साझा की। उन्होंने कहा, 'हम बहुत जल्दी लोगों को देखकर राय बना लेते हैं। मुझे याद है हमारे अपार्टमेंट में नीचे एक महिला रहती थीं। वो अकेली रहती थीं, साड़ी पहनती थीं, चश्मा लगाती थीं, होली खेलना पसंद नहीं था, दिवाली पर बाहर नहीं आती थीं। बहुत निजी जिंदगी जीती थीं और घर की खिड़कियां भी बंद रहती थीं। फिर लोग कहते थे उनसे बात मत करना, उनके पास मत जाना। हम बच्चे खिड़की से झांककर सोचते थे कि आखिर ऐसा क्या रहस्य है। मुझे लगता है जिस चीज को हम समझ नहीं पाते, उसके बारे में हम अपनी तरफ से कहानी बनाना शुरू कर देते हैं। जब मैंने यह स्क्रिप्ट सुनी तो मुझे लगा यह फिल्म तो मुझे करनी ही है।'

### सिर्फ कहानी लोगों को थिएटर तक खींचती है

बदलते सिनेमा पर माधुरी ने कहा, 'मुझे लगता है दोनों दौर आसान नहीं हैं। बड़े पर्दे की फिल्म बनाते वक्त सबसे बड़ा दबाव यही होता है कि वह हर तरह के दर्शकों को पसंद आए। अलग-अलग सोच, अलग-अलग तबके, अलग-अलग माहौल..., सबको जोड़ना पड़ता है, तभी लोग थिएटर तक आते हैं। लेकिन अब जो बदलाव आया है, उसने फिल्म बनाने वालों को खुलकर काम करने का मौका दिया है। अब कहानियां किसी तय ढांचे में बंधकर नहीं बन रहीं। भारत जैसे देश में कहानियां ही कहानियां हैं। मां बहन को दुनिया भर में लोग देख रहे हैं और अलग-अलग देशों की महिलाओं ने इसके किरदारों से खुद को जोड़ा है। मुझे लगता है अब वही फिल्में ज्यादा जरूरी हैं जो सच बोलती हैं और लोगों को अपने जैसा महसूस कराती हैं।'

# शिल्पा शिंदे ने टीवी सीरियल निर्माताओं को कहा माफिया

**टीवी** एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे ने इन दिनों टीवी सीरियल के निर्माताओं के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। अभिनेता शहजादा धामी के बकाया पैसे ना मिलने पर उन्होंने निराशा जताई। साथ ही टीवी प्रोड्यूसर्स को खूब खरी-खेटी सुनाई है। शिल्पा शिंदे ने एक बार फिर टीवी इंडस्ट्री में आर्टिस्ट्स के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में बात की है। एक्ट्रेस ने टेलीविजन इंडस्ट्री के प्रोड्यूसर्स की आलोचना की है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ प्रोड्यूसर्स व्हाइट कॉलर माफिया की तरह काम करते हैं। इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए शिल्पा शिंदे ने निर्माताओं को खूब भला-बुरा कहा है। शिल्पा शिंदे ने एक्टर शहजादा धामी को अभी तक करीब 30 लाख रुपये का बकाया ना मिलने के दावों पर निराशा भी जताई।



शिल्पा शिंदे ने प्रोड्यूसर्स को लताड़ा

इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए एक वीडियो में शिल्पा शिंदे ने कहा, 'जैसा कि आपने देखा आर्टिस्ट एसोसिएशन खुद आर्टिस्ट्स के साथ खड़ी नहीं होती है। टीवी इंडस्ट्री में ये प्रोड्यूसर्स माफिया की तरह काम करते हैं। वे व्हाइट-कॉलर माफिया हैं। मैं हमेशा से यह कहती रही हूं। जो प्रोड्यूसर्स उन्हें सपोर्ट नहीं करते हैं, उन्हें धमकी भी दी जाती है। कहा जाता है कि अगर कल तुम्हें कुछ हो गया, तो हम तुम्हें सपोर्ट नहीं करेंगे।' सपोर्ट की तो बात ही छोड़िए। वे कहते हैं कि हम तुम्हारा काम रोक देंगे।

# अतिक्रमण कतई बर्दाश्त नहीं, आरोपितों पर तत्काल करें कार्रवाई : सीएम योगी

- मथुरा से आए वृद्ध की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने मथुरा के डीएम को दिया निर्देश

**एजेंसी**



**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह ह्यजनता दर्शनह्न किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए हर फरियादी से एक-एक कर मुलाकात की। उनका प्रार्थना पत्र लिया और समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने सभी शिकायतों के उचित व समयबद्ध निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया। वहीं, अतिक्रमण की शिकायत पर मुख्यमंत्री सख्त हुए और तत्काल इसकी जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई का निर्देश दिया। ह्यजनता दर्शनह्न में मथुरा से एक वृद्ध भी शिकायत लेकर पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि चकरोड पर अतिक्रमण कर लिया गया है। इसकी शिकायत स्थानीय स्तर पर की जा चुकी है, लेकिन अभी तक कार्रवाई नहीं हुई। इस पर मुख्यमंत्री ने सख्त रुख अपनाते हुए जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि वे स्वयं मौके पर जाएं और यथास्थिति देखें। अतिक्रमण होने की स्थिति में इसे तत्काल हटाएं और दोषियों पर कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री ने फिर कहा कि अतिक्रमण की शिकायत कतई बर्दाश्त नहीं होगी। सभी अधिकारी, प्रशासन, पुलिस, नगर निगम, विकास प्राधिकरण समेत जिम्मेदार संस्थाएं नियमित रूप से इसकी मॉनिटरिंग भी करती रहें।

शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक सहायता समेत हर पहलु पर सरकार का ध्यान ह्यजनता दर्शनह्न में शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक सहायता, बिजली के तार, पुलिस, राजस्व से जुड़े प्रार्थना पत्र भी आए। मुख्यमंत्री ने सभी प्रार्थना पत्र लेकर पीड़ितों की बातें सुनीं, फिर उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार जनता से जुड़ी हर मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति कर रही है। आप सभी की समस्याओं का भी समाधान होगा। किसी को परेशान होने की जरूरत नहीं है, सरकार हर परिस्थिति में 25 करोड़ प्रदेशवासियों के साथ खड़ी है।

मुख्यमंत्री ने भीषण गर्मी में आए फरियादियों का सबसे पहले हालचाल जाना, फिर उनकी समस्याएं पूछीं। मुख्यमंत्री ने विभिन्न जनपदों से आए लोगों से कहा कि अभी गर्मी व धूप अधिक है। बुजुर्गों, महिलाओं व बच्चों से कहा कि बहुत जरूरत होने पर ही दोपहर में घर से निकलिए। मुख्यमंत्री ने संयमित खानपान के लिए भी कहा।

## मध्य प्रदेश में चार दिन और सताएगी लू-उमस, 25 जून के बाद मानसून की दस्तक के आसार

**एजेंसी**

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में फिलहाल लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। प्रदेश में 26 जून तक लू, तेज गर्मी और कहीं-कहीं आंधी-बारिश का मिला-जुला असर बना रहेगा। मानसून की रफ्तार धीमी होने और प्री-मानसून गतिविधियों में कमी के कारण तापमान और उमस दोनों बढ़ गए हैं। पिछले दो दिनों से जबलपुर संभाग के कई क्षेत्रों में लू का प्रभाव भी देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों के लिए जबलपुर, रीवा और सागर संभाग के जिलों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। आज सोमवार को नरसिंहपुर, जबलपुर, मंडला, उमरिया और डिंडौरी में गर्म हवाएं चलने की संभावना है। हालांकि शाम के समय कुछ इलाकों में आंधी और बारिश भी हो सकती है। वहीं ग्वालियर, भिंड, मुरैना, दतिया, श्योपुर, गुना, नीमच, मंदसौर, रतलाम, आगर-मालवा, राजगढ़, भोपाल, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, देवास, सीहोर, इंदौर, उज्जैन, शाजापुर, छिंदवाड़ा, सिवनी और बालाघाट समेत कई जिलों में गर्मी का असर बना रहने का अनुमान है।

**इन जिलों में आंधी-बारिश की चेतावनी**

लू और उमस के बीच प्रदेश के 21 से अधिक जिलों में आंधी और बारिश की गतिविधियां भी जारी रह सकती हैं। झाबुआ, अलीराजपुर, धार, बड़वानी, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, मैहर, अनूपपुर, कटनी, दमोह, सागर, विदिशा और अशोकनगर में तेज आंधी चलने का अलर्ट जारी किया गया है। रविवार को प्रदेश के कई हिस्सों में आंधी और बारिश का दौर जारी रहा। रायसेन में 61 मिमी यानी करीब ढाई इंच वर्षा दर्ज की गई। भोपाल में दोपहर के समय तेज बारिश हुई, जबकि सतना में लगभग पौन इंच पानी गिरा। इसके अलावा जबलपुर, खजुराहो, नौगांव और सिवनी में भी बारिश दर्ज की गई।

## मप्र के छिंदवाड़ा में पिकअप और ट्रक के बीच भिड़ंत, 5 मजदूरों की मौत और 18 घायल

**एजेंसी**

**छिंदवाड़ा :** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में नेशनल हाइवे पर सावरी पुलिस चौकी क्षेत्र में सोमवार को मजदूरों से भरे पिकअप वाहन और बेकाबू ट्रक के बीच सीधी भिड़ंत हो गई। इस हादसे में पांच मजदूरों की मौत हो गई जबकि 18 से ज्यादा घायल हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, हादसा छिंदवाड़ा-बैतूल नेशनल हाइवे पर ग्राम टेमनी खुर्द के पास सोमवार सुबह करीब 10 बजे हुआ। यहां पिकअप वाहन सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गया। हादसा इतना भीषण था कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार मजदूर दूर जा गिरे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस एवं प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को 108 एम्बुलेंस की सहायता से नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

सावरी पुलिस चौकी प्रभारी मुकेश द्विवेदी ने बताया कि पिकअप वाहन में बड़ी संख्या में मजदूर सवार थे। हादसे में पांच लोगों की मौत हुई है और करीब 18 लोग घायल बताए जा रहे हैं। कई घायलों की हालत गंभीर है, जिन्हें आईसीयू में शिफ्ट किया गया है। मृतकों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। मृतकों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं। हादसे की जानकारी मिलने पर एसडीएम धीरेंद्र सिंह अस्पताल पहुंचे और घटना के संबंध मे जानकारी ली। उन्होंने घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था करने के निर्देश चिकित्सकों को दिए। पुलिस फिलहाल हादसे के कारणों की जांच में जुटी है।

# कतर की रास लाफ़्फान इंडस्ट्रियल सिटी में धमाका : 54 घायल व 18 लापता

**एजेंसी**



**इस्तांबुल :** कतर के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र रास लाफान इंडस्ट्रियल सिटी में सोमवार सुबह एक फैक्ट्री में बड़ा धमाका हुआ है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इस घटना में 54 लोग घायल हुए हैं, जबकि 18 अभी लापता बताए जा रहे हैं। माना जा रहा है कि यह धमाका एक तकनीकी खराबी के कारण हुआ था और सिविल डिफेंस की टीमें लगातार राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हुई हैं। तुर्किए की सरकारी संवाद समिति अनाडोलू एजेंसी व अन्य मीडिया ने कतर के गृह मंत्रालय के हवाले से बताया कि प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र रास लाफान इंडस्ट्रियल सिटी में एक फैक्ट्री में हुए धमाके के बाद हालात गंभीर बने हुए हैं। शुरूआती जानकारी के मुताबिक इस घटना में कम से कम 54 लोग घायल हुए हैं और 18 लोग अभी लापता बताए जा रहे हैं। सिविल डिफेंस और कतरी इंटरनेशनल सर्च एंड रेस्क्यू ग्रुप की टीमें मौके पर तलाशी अभियान चला रही हैं। मंत्रालय ने बताया कि यह धमाका तकनीकी खराबी के कारण हुआ। घटना के बाद तुरंत आपातकालीन सेवाएं मौके पर पहुंचीं और इलाके को नियंत्रित किया गया। लापता लोगों की तलाश के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाया जा रहा है।

हालांकि, इससे पहले जारी एक शुरूआती बयान में गृह मंत्रालय ने कहा था कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ और न ही किसी तरह का खतरनाक रिसाव पाया गया था। बाद की रिपोर्टों में घायल और लापता लोगों की संख्या सामने आई, जिससे स्थिति को लेकर अपडेट जारी किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया है कि फिलहाल, किसी गैस रिसाव या बड़े पर्यावरणीय खतरे के संकेत नहीं मिले हैं, हालांकि जांच जारी है। घटना के कारणों और प्रभावित फैक्ट्री या ऑपरेटर के बारे में अभी आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। रास लाफान इंडस्ट्रियल सिटी कतर के दोहा से लगभग 80 किलोमीटर उत्तर में ऊर्जा क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण केंद्र है, जहां एलएनजी और पेट्रोकेमिकल उत्पादन से जुड़ी कई बड़ी इकाइयाँ स्थित हैं। इसी वजह से इस घटना को लेकर सुरक्षा एजेंसियां विशेष सतर्कता बरत रही हैं।

## अंबुबासी मेला का आज उद्घाटन करेंगी मंत्री अजंता नेओग

**गुवाहाटी :** विश्व प्रसिद्ध कामाख्या मंदिर में अंबुबासी मेला आज से शुरू हो गया है। रात्रि के 9:30 बजे प्रवृत्ति के साथ ही मंदिर का पट बंद हो जाएगा। मेला के औपचारिक उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन आज गुवाहाटी के पांडु पोर्ट में शाम 6:30 बजे किया जाएगा। इस कार्यक्रम के साथ पूर्वोत्तर के सबसे बड़े आध्यात्मिक आयोजनों में से एक अंबुबासी मेला का औपचारिक शुभारंभ होगा। असम की पर्यटन मंत्री अजंता नेओग उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मेले का उद्घाटन करेंगी। कार्यक्रम में साधु-संतों, श्रद्धालुओं, प्रशासनिक अधिकारियों तथा गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रहने की संभावना है।

मां कामाख्या धाम में आयोजित होने वाला अंबुबासी मेला 22 से 26 जून तक चलेगा। इस दौरान देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। श्रद्धालुओं की सुविधा और मेले के सुचारु संचालन के लिए राज्य सरकार द्वारा सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाओं तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

## नोएडा में छात्र-छात्राओं को ओजी गांजा सप्लाई करने वाले चार तस्कर गिरफ्तार, इनमें तीन गोरखपुर निवासी

**एजेंसी**



**नोएडा :** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और नोएडा की थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से समुद्री गांजा बेचने वाले चार युवकों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने करीब तीन किलो 650 ग्राम गांजा (ओजी) तथा घटना में प्रयुक्त दो वाहन थार, स्कॉर्पियो और चार लाख रुपया नगद बरामद किया है। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपित जनपद गौतम बुद्ध नगर मे स्थित कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को गांजा सप्लाई करते थे। पुलिस इनके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी हासिल कर रही है। आरोपित थाईलैंड से गांजा तस्करी करके राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बेचते थे। पुलिस उपायुक्त जोन तृतीय रवि शंकर निम ने बताया कि एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स कानपुर ने नोएडा पुलिस को सूचना दी की गोरखपुर के रहने वाले युवराज चौधरी उर्फ नवीन तथा शशांक अपने साथियों के साथ स्कॉर्पियो कार में सवार होकर अपने साथी प्रणय पुष्प को नोएडा में परी चौक के पास मादक पदार्थ ओजी गांजा( टेट्रा हाइड्रो केना बिनोल) की सप्लाई देने आने वाला है। उन्होंने बताया कि एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने एक संयुक्त अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए बैरियर लगाकर चेकिंग शुरू की गई। उन्होंने बताया कि ग्मुना एक्सप्रेसवे के जीरो पॉइंट के पास एक थार जीप आकर रुकी। इसी बीच पीछे से एक स्कॉर्पियो कार आई। थार जीप में सवार युवक स्कॉर्पियो कार में जाकर बैठ गया। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने स्कॉर्पियो कार में बैठे लोगों को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान उन्होंने अपना नाम प्रणय पुष्प पुत्र अखिलेश चंद्र प्रसाद निवासी पटना सिटी बिहार उम्र 21 वर्ष, दूसरे ने अपना नाम युवराज चौधरी पुत्र संतोष चौधरी निवासी जनपद गोरखपुर उम्र 21 वर्ष, तीसरे व्यक्ति ने अपना नाम शशांक शाही पुत्र मनोज शाही उम्र 19 वर्ष निवासी जनपद गोरखपुर तथा चौथे ने अपना नाम रोहन चौधरी पुत्र राजन चौधरी निवासी जनपद गोरखपुर उम्र 20 वर्ष बताया। इनके पास से पुलिस ने 3 किलो 650 ग्राम ओजी गांजा, घटना में प्रयुक्त होने वाले दो वाहन स्कॉर्पियो और थार जीप, चार लाख रुपए नगद बरामद हुआ है।

## ब्रिक्स बैठक में भाग लेने नई दिल्ली पहुंचे ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के उप सचिव नेजामी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के उप सचिव घादिर नेजामी सोमवार को ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों और सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों की बैठक में भाग लेने के लिए नई दिल्ली पहुंचे। भारत में ईरानी दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर जानकारी दी कि घादिर नेजामी अपनी यात्रा के दौरान विभिन्न विशेष सत्रों में भाग लेंगे और सहभागी देशों के अधिकारियों से मुलाकात कर सुरक्षा मुद्दों तथा बहुपक्षीय सहयोग पर विचार-विमर्श करेंगे। दूतावास के अनुसार बैठक में आतंकवाद, साइबर सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा और बहुपक्षीय सहयोग जैसे विषयों पर चर्चा होगी। नेजामी इस दौरान सहभागी देशों के अधिकारियों से मुलाकात भी करेंगे। बैठक का उद्देश्य सदस्य देशों के बीच सुरक्षा मामलों पर सहयोग को और मजबूत करना है। उल्लेखनीय है कि यहां नई दिल्ली में 22 तथा 23 जून को ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों और सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों की 16वीं बैठक आयोजित हो रही है। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की अध्यक्षता में होने वाली इस दो दिवसीय बैठक में साइबर सुरक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, आतंकवाद तथा अन्य गैर-पारंपरिक सुरक्षा चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा हो सकती है।

# शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

**एजेंसी**



नई दिल्ली : घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान मजबूती का रुख बना हुआ है। आज के कारोबार की शुरूआत भी बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही मुनाफा वसूली के चक्कर में हुई बिकवाली के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक की चाल में थोड़ी गिरावट भी आई, लेकिन थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने मोर्चा संभाल लिया। खरीदारों की लिवाली की वजह से दोनों सूचकांकों की चाल में सुधार होने लगा। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.52 प्रतिशत और निफ्टी 0.55 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से एटरनल, भारती एयरटेल, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन, एनटीपीसी और नेस्ले के शेयर 2.22 प्रतिशत से लेकर 1.03 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, इन्फोसिस, टीसीएस, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजी और एचडीएफसी बैंक के शेयर 6.75 प्रतिशत से लेकर 2.41 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,783 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 2,011 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 772 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 10 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 35 शेयर हरे निशान में और 15 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 357.77 अंक की मजबूती के साथ 77,160.67 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही मुनाफा वसूली के चक्कर में हुई बिकवाली की वजह से यह सूचकांक फिसल कर 77,008.02 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। पहले 10 मिनट के कारोबार में ही सेंसेक्स उछल कर 77,249.27 अंक के स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद एक बार फिर बिकवाली का दबाव बनने की वजह से इस सूचकांक की चाल में मामूली कमजोरी आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 398.81 अंक की तेजी के साथ 77,201.71 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी में आज 93.50 अंक उछल कर 24,106.60 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में भी उतार-चढ़ाव होने लगा। बिकवाली का दबाव बनने पर निफ्टी 24,073.15 अंक के स्तर तक गिर गया, वहीं खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर इसने 24,148.70 अंक तक छलांग भी लगाई।बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद निफ्टी 132.20 अंक की मजबूती के साथ 24,145.30 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 607.08 अंक यानी 0.78 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 76,802.90 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 154.90 अंक यानी 0.64 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,013.10 अंक के स्तर पर शुक्रवार के कारोबार का अंत किया था।

## न्यूज IN ब्रीफ

### राजौरी में 'ऑपरेशन शेरूवाली' का 31वां दिन, तलाशी अभियान जारी

**राजौरी :** राजौरी ज़िले के जंगलों में सुरक्षा बलों ने तलाशी और निगरानी अभियान तेज कर दिए हैं। आतंकवाद-विरोधी अभियान 'ऑपरेशन शेरवानी' सोमवार को अपने 31वें दिन में प्रवेश कर गया। 'ऑपरेशन शेरवानी' जम्मू-कश्मीर के राजौरी ज़िले के डोरीमल-गंभीर मुगलान सेक्टर के घने जंगलों में चलाया जा रहा एक बड़े पैमाने का आतंकवाद-विरोधी तलाशी अभियान है। मई के आखिर में शुरू हुए इस मल्टी-एजेंसी ऑपरेशन का मकसद इलाके के ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी इलाकों में छिपे हथियारों से लैस घुसपैठियों का पता लगाना और उन्हें बेअसर करना है। यह ऑपरेशन राजौरी ज़िले के मंजाकोट सेक्टर के डोरीमल-गंभीर मुगलान इलाके में चल रहा है जहाँ सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और अर्धसैनिक बल बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चला रहे हैं। अधिकारियों के मुताबिक, ऑपरेशन में शामिल सभी सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखने और स्थानीय लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए घने जंगलों वाले इलाके में तलाशी और निगरानी गतिविधियां जारी हैं। अधिकारी ने बताया कि ऑपरेशन योजना के मुताबिक आगे बढ़ रहा है और सुरक्षा बल पूरे इलाके में सतर्कता बनाए हुए हैं। अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षा बल सतर्क हैं और इलाके में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जारी प्रयासों के तहत अतिरिक्त चेकपॉइंट बनाए जा रहे हैं और इलाके में गश्त भी की जा रही है।

### एसपी ने सराहनीय कार्य करने वाले यूपी 112 के 8 कर्मियों को किया सम्मानित

**हमीरपुर :** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में पुलिस अधीक्षक (एसपी) मृगांग शेखर पाठक ने सोमवार को यूपी-112 के उन आठ पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया, जिन्होंने ड्यूटी के दौरान त्वरित, मानवीय एवं सराहनीय कार्य करते हुए जरूरतमंदों की सहायता कर पुलिस की संवेदनशील छवि को मजबूत किया है। एसपी ने बताया कि पुलिस कर्मियों ने विभिन्न घटनाओं में तत्परता दिखाते हुए उल्लेखनीय कार्य किए हैं। जिनमें थाना मौदहा क्षेत्र में एक 7 वर्षीय बच्ची के मिलने की सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर बच्ची से पूछताछ की गई तथा उसके परिजनों को बुलाकर सकुशल सुपुर्द किया। इसी तरह थाना जरिया क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोहांड पहुंचाकर समय से उपचार उपलब्ध कराया गया, जिससे उसकी जान बच सकी। थाना राठ क्षेत्र में मोटरसाइकिल एवं ई-रिक्शा की आमने-सामने हुई दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को तत्काल जिला अस्पताल हमीरपुर पहुंचाकर उपचार कराकर जान बचाई गई है। इन सराहनीय एवं मानवीय कार्यों के लिए पायलट होमगार्ड 526 इस्माइल, कमाण्डर आरक्षी विकास कुमार, पायलट आरक्षी संजेश कुमार, सब कमाण्डर सत्यप्रकाश, कमाण्डर आरक्षी आसिफ शेख, पायलट आरक्षी मो. फिरोज, सह कमाण्डर आरक्षी रनवीर, कमाण्डर मुख्य आरक्षी अतुल कुमार को पुलिस अधीक्षक ने सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि उक्त पुलिस कर्मियों की तत्परता, कर्तव्यनिष्ठा एवं मानवीय संवेदनशीलता पुलिस विभाग की उत्कृष्ट कार्यशैली का परिचायक है। ऐसे कार्यों से आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास, सुरक्षा एवं सम्मान की भावना और अधिक सुदृढ़ होती है तथा समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित होता है।

### बिजली के खंभे से टकराई बाइक, एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**अमेठी :** उत्तर प्रदेश के अमेठी जनपद में पीपरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दुगार्पुर-अमेठी मार्ग पर फुटही गांव के पास सोमवार को तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार एक युवक मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस आवश्यक वैधानिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सड़क दुर्घटना में मृत युवक की पहचान भूपेंद्र वर्मा (30) निवासी परसोइया गांव, थाना रामगंज का रहने वाला है। संयुक्त जिला अस्पताल गौरीगंज के चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे युवक की पहचान कमलेश कुमार वर्मा (30) पुत्र बृजलाल निवासी दिलावल गांव, थाना शिवगढ़, जनपद सुलतानपुर के रुप में हुई है, उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भादर में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल सुलतानपुर रेफर कर दिया। पीपरपुर थाना प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को सूचित करते हुए घटना के सम्बन्ध में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### कोरबा : नाबालिग चालक ने डॉक्टर की कार को मारी टक्कर, फिर कुचलने की कोशिश

**कोरबा :** जिले में हिट एंड रन का एक गंभीर मामला सामने आया है। हरदीबाजार थाना क्षेत्र में एक नाबालिग कार चालक ने पहले जिला अस्पताल के सर्जन की कार को टक्कर मार दी और उसके बाद उन्हें दोबारा वाहन से कुचलने का प्रयास किया। हादसे में घायल डॉक्टर को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल कोरबा में पदस्थ सर्जन डॉ. शक्ति डिक्सेना (36) शनिवार को अपनी स्विफ्ट डिजायर कार से जमनीपाली दर्री स्थित निवास जा रहे थे। इसी दौरान ग्राम रलिया मेन रोड स्थित उमेंदीभांठा के पास भिलाई बाजार की ओर से आ रही एक काले रंग की किया कार (सीजी-12 बीई-1430) ने तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी कार को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि डॉ. डिक्सेना की कार का एयरबैग खुल गया। बावजूद इसके उन्हें गंभीर चोटें आईं। चिकित्सकीय जांच में उनकी दो पसलियां और अंगूठा फ्रैक्चर होना पाया गया है। इसके अलावा सीने, पेट, गले और दोनों हाथों की कलाई में भी चोटें आई हैं। डॉ. डिक्सेना ने पुलिस को बताया कि दुर्घटना के बाद जब वे वाहन से बाहर निकले तो आरोपित चालक ने कार पीछे कर उन्हें दोबारा कुचलने का प्रयास किया। जान बचाने के लिए उन्हें सड़क छोड़कर खेत की ओर भागना पड़ा। घटना के बाद उन्होंने अपने परिजनों को सूचना दी और आज हरदीबाजार थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया है कि वाहन एक कोल ट्रांसपोर्टर के परिवार से संबंधित है तथा उसे एक नाबालिग चला रहा था। कार में उसके साथ दो अन्य नाबालिग भी सवार थे।हरदीबाजार थाना प्रभारी आशीष सिंह ने बताया कि जांच में चालक के नाबालिग होने की पुष्टि हुई है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त किया कार को जब्त कर लिया है तथा नाबालिग चालक की काउंसलिंग के साथ उसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### अजगर सांप पकड़कर लोगों ने वन विभाग को सौंपा

**तिनसुकिया (असम) :** तिनसुकिया जिले के मार्घेरिटा समजिला के लेखापानी थाना अंतर्गत एक नंबर लोंगटोंग स्थित निजी चाय बागान में एक विशालकाय अजगर दिखाई देने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। अजगर को देखकर बागान कर्मियों और स्थानीय लोगों में कुछ समय के लिए दहशत का माहौल बन गया। इस बीच एक स्थानीय युवक की सूझबूझ और साहसिक पहल के कारण अजगर को सुरक्षित रूप से पकड़कर लिया गया। इसके बाद उन्होंने तत्काल लेखापानी वन कार्यालय को इसकी सूचना दी।

न्यूज IN ब्रीफ

## इंडियन बैंक के नये शाखा प्रबंधक के रूप में कमलेश गोप ने योगदान दिया



**ज्योति पाठक :** चक्रधरपुर इंडियन बैंक के नये शाखा प्रबंधक के रूप में कमलेश गोप ने योगदान दिया। श्री गोप इससे पूर्व जमशेदपुर में पदस्थापित थे। योगदान देने के पश्चात श्री गोप ने बताया कि खाता धारियों को बेहतर सुविधा तथा उनकी समस्या और परेशानी को सुनने के पश्चात यथाशीघ्र उनका समाधान उनकी प्राथमिकता में शामिल है। श्री गोप ने कहा कि-
बैंक की शाख और विश्वास सदैव बनी रहे यह उनके दायित्व में शामिल है। गौरतलब हो कि श्री गोप जहाँ भी पदस्थापित रहे अपने बेहतर कार्यों से बैंक को उत्कृष्ट और अव्वल बनाने में सफल रहे हैं और चक्रधरपुर में उनके पदस्थापना के बाद यह संभावना व्यक्त की जा रही है कि यह बैंक भी सुविधा के मामले में अव्वल बनेगा।

## उद्योग एवं भवन निर्माण सचिव अरवा राजकमल की उपलब्धि और कामयाबी सफलता का कीर्तिमान है



**बिनय मिश्रा :** भारतीय प्रशासनिक सेवा 2008 बैच के लोकप्रिय कर्मठ एवं उपलब्धि भरे कार्यों के लिए पहचाने जाने वाले अरवा राजकमल के भवन निर्माण एवं सचिव के रूप में योगदान देने के बाद से इन विभागों में उपलब्धि और कीर्तिमान विभाग की है सशक्त पहचान यही नहीं श्री राजकमल के द्वारा दिल्ली स्थित झारखंड भवन का बेहतर निर्माण और सुविधा भी अपने आप में उपलब्धि भरा है। भवन अधीन निर्माण कार्य की उपलब्धि और कामयाबी ने भी विभाग को एक सशक्त पहचान दी है। विदित हो कि श्री राजकमल जिस विभाग में भी पदस्थापित रहे हैं अपने उत्कृष्ट कार्यों से विभाग को बेहतर बनाने के साथ साथ विभाग को प्रसिद्धि और कीर्ति दिलाने में भी सफल रहें हैं इतना ही नहीं वे बोकारो, देवघर, पश्चिम सिंहभूम चाईबासा व सरायकेला खरसावां के भी लोकप्रिय उपायुक्त रह चुके हैं। ऐसे आइएएस से राज्य और विभाग दोनों गौरवान्वित होते हैं।

## दिव्यांग दंपति से मिले उपायुक्त, हरसंभव सहयोग का दिया भरोसा

**मेदिनीनगर :** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने सोमवार को समाहरणालय परिसर में रेहला क्षेत्र के केतात कला निवासी दिव्यांग दंपति प्रमोद कुमार साव एवं उनकी धर्मपत्नी सरिता देवी से मुलाकात की। इस दौरान दंपति ने अपनी दैनिक आवाजाही एवं आवश्यक कार्यों के निष्पादन में हो रही कठिनाइयों से अवगत कराते हुए बैटरी संचालित स्कूटी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया।उपायुक्त ने दंपति की बातों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को आवश्यक पहल करने एवं नियमानुसार उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन दिव्यांगजनों के अधिकारों एवं उनकी आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील है तथा उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।उपायुक्त श्री शेखावत ने दंपति को हरसंभव सहयोग का भरोसा देते हुए कहा कि समाज के सभी वर्गों को सम्मानजनक एवं सुगम जीवन उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

## तपती गर्मी में क्लोरोफिल के बच्चों ने मनाया स्विमिंग पूल डे



**झुमरी तिलैया:** क्लोरोफिल स्कूल में गर्मियों की लंबी छुट्टी के बाद मानसून से पहले बच्चों के लिए कूल- पूल डे का आयोजन किया गया। प्राचार्या कंचन अग्रवाल ने बताया कि हर साल हमारे बच्चे स्विमिंग पूल डे के लिए खासे उत्साहित रहते हैं और उन्हें इस दिन का इंतजार रहता है। पूल डे वाले दिन पूरे विद्यालय परिसर में बच्चों की खूब किलकारियां गूंजती है। बच्चों की खुशी और उनके शोर में दिखाई देती है। निदेशक अजय अग्रवाल ने बताया कि क्लोरोफिल स्कूल में पढ़ाई के साथ साथ ऐसी रोचक गतिविधियों का बच्चों को गढ़ने में विशेष योगदान होता है। हर क्लास के बच्चों का अलग ग्रुप बनाकर उन्हें टीचर के मार्गदर्शन में स्विमिंग पूल में उतारा गया जिसमें बच्चों का उत्साह देखने लायक था। स्विमिंग पूल के बाद सारे नन्हे छात्र छात्राओं ने कृत्रिम बारिश में भीगकर खूब मस्ती की। बच्चों के साथ वॉटर स्पोर्ट्स खेलने में युक्ता अग्रवाल, सीमा जैन, अनुप्रिया। कनिष्का, आँचल अग्रवाल, सुलगना राय, संपूर्ण दास, हुमा अहमद, मीनाक्षी कुमारी और नफीस इमाम ने धूम मचाया।

## हजारीबाग में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर योग शिविर का आयोजन

**हजारीबाग:** विश्व योग दिवस के मौके पर हजारीबाग के चुरचू प्रखंड स्थित आदि सेवा केंद्र बिरहोर टोला में योग अभ्यास किया गया। बिरहोर बच्चों को प्रेरित किया गया कि वह हर दिन योग अभ्यास करें। इसमें खास बात यह है कि ये पहल हजारीबाग के कुछ युवाओं द्वारा की गई है। पहली बार बिरहोर समाज के लोगों ने योग किया है।
'करें योग रहें निरोग' की जानकारी हजारीबाग के कुछ युवाओं ने जिले के सुदूरवर्ती चुरचू प्रखंड के नगड़ी बिरहोर टोला में जाकर आदिम जनजाति के लोगों को दी। योग दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में हजारीबाग के छात्रों की टोली ने आदि कर्म योगी केंद्र में जाकर बिरहोर समाज के लोगों को योग अभ्यास कराया है।

# ऊपर धधक रही थी आग, अचानक पाताल से निकलने लगा पानी, सिरका ओपनकास्ट खदान हुआ जलमग्न

**संवाददाता**

**रामगढ़:** जिले के सिरका खुली खदान में रविवार शाम अचानक जमीन के नीचे से भारी मात्रा में पानी निकलने लगा। पानी का बहाव इतना तेज था कि मानो धरती के गर्भ से जलधारा फूट पड़ी हो। देखते ही देखते पूरा इलाका जलमग्न हो गया। राहत की बात यह रही कि रविवार होने के कारण खदान में काम बंद था। कुछ गाड़ियां व मशीनें खदान से पहले ही सुरक्षित स्थान पर निकाल ली थी। घटना के बाद खदान क्षेत्र में हड़कंप मच गया और अधिकारी पूरे मामले की जांच शुरू कर दी।
पानी भरने के बाद बढ़ाई क्षेत्र की निगरानी पानी निकलने की सूचना मिलते ही खदान की सुरक्षा में तैनात कर्मी और अधिकारी सक्रिय हो गए। खदान के भीतर पानी निकासी के लिए लगाए गए मोटर और अन्य उपकरणों को तत्काल सुरक्षित स्थानों पर हटाया गया। अधिकारियों के निर्देश पर पूरे क्षेत्र की निगरानी बढ़ा दी गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि पानी का बहाव इतना तेज था कि कुछ ही मिनटों में खदान का बड़ा हिस्सा जलमग्न होने लगा। अचानक हुई इस घटना को देखने के लिए आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई।



सिरका परियोजना पदाधिकारी ने दी जानकारी

सिरका परियोजना के पदाधिकारी एएन सिंह ने बताया कि रविवार शाम सिरका परियोजना की खुली खदान में अचानक भारी मात्रा में पानी प्रवेश कर गया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि खनन कार्य के दौरान पुरानी बंद भूमिगत खदान की गैलरी प्रभावित होने से वहां जमा पानी ओपन कास्ट खदान में आ गया। घटना की जानकारी मिलते ही सुरक्षा मानकों के तहत खदान में कार्यरत सभी मजदूरों को तत्काल सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। उत्पादन कार्य में लगी मशीनों और वाहनों को भी सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया। परियोजना पदाधिकारी ने कहा कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि या घायल होने की सूचना नहीं है। फिलहाल खदान में कोयला उत्पादन अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। पानी निकालने के लिए पंपिंग कार्य युद्धस्तर पर शुरू किया गया है। स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। जल निकासी पूरी होने और सुरक्षा जांच के बाद ही खनन एवं उत्पादन कार्य दोबारा शुरू किया जाएगा। एएन सिंह ने कहा कि उनकी प्राथमिकता मजदूरों की सुरक्षा और खदान को जल्द सामान्य स्थिति में लाना है।

### हंटरगंज के लाल ने किया कमाल

# 70वीं बीपीएससी परीक्षा में हंटरगंज निवासी कन्हैया कुमार ने लहराया परचम

### किसान का बेटा बना कल्याण पदाधिकारी, क्षेत्र में हर्ष का माहौल



**संवाददाता**

**चतरा :** कहते हैं कि अगर किसी इंसान में किसी लक्ष्य को प्राप्त करने का जुनून हो तो वह उसे किसी भी हाल में प्राप्त कर के ही मानता है। ऐसे बच्चे जिनमें जुनून होता है कि वह जीवन में कुछ बड़ा करें और अपने घर की परिस्थिति को बेहतर बनाएं, उन्हें दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती है। ऐसी ही प्रेरणादायक कहानी चतरा जिले के हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत डाटम गांव निवासी कन्हैया कुमार की है, जिन्होंने 70वीं बीपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल कर कल्याण पदाधिकारी का पद प्राप्त किया है।कन्हैया कुमार की इस उपलब्धि से पूरे गांव एवं आसपास के क्षेत्रों में हर्ष का माहौल है। परिजनों, मित्रों और ग्रामीणों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। ग्रामीणों का कहना है कि कन्हैया की सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों का मनोबल बढ़ाएगी।कन्हैया कुमार एक साधारण किसान परिवार से आते हैं। उनके पिता खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। कन्हैया ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा हंटरगंज पब्लिक स्कूल से प्राप्त की, जबकि उच्च शिक्षा सैनिक स्कूल से हासिल की। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अपनी निरंतर मेहनत को दिया है।कन्हैया का कहना है कि किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समर्पण, अनुशासन और नियमित अध्ययन सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने युवाओं से भी मेहनत और लगन के साथ अपने सपनों को साकार करने का आह्वान किया।

# देवेंद्र नाथ महतो की गिरफ्तारी का जोरदार विरोध, मची अफरा- तफरी



**संवाददाता**

**मुरी :** मगध परियोजना, सीसीएल लातेहार क्षेत्र में स्थानीय निवासी द्वारिका गोंझू के तीन मासूम बच्चों- माही, दीपिका एवं आर्यन की शुक्रवार को हुई दर्दनाक मौत के मामले में न्याय की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के दौरान देवेंद्र नाथ महतो को रविवार देर शाम पुलिस प्रशासन ने आंदोलन स्थल से हिरासत में ले लिया।
ज्ञात हो कि उक्त तीनों बच्चों की मृत्यु अवैध उत्खनन से बने जलाशय में डूबने के कारण हुई थी। घटना के बाद मृतक परिवार को उचित मुआवजा, दोषियों पर कार्रवाई तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने की मांग को लेकर देवेंद्र नाथ महतो पिछले 48 घंटों से आंदोलनरत थे। वे कंपनी के परिवहन कार्य को रोककर मुख्य द्वार पर धरना-प्रदर्शन कर रहे थे।
रविवार शाम लगभग 07:00 बजे पुलिस प्रशासन ने आंदोलन स्थल पर पहुंचकर देवेंद्र नाथ महतो को हिरासत में ले लिया। उनकी हिरासत की खबर फैलते ही आंदोलन स्थल पर मौजूद समर्थकों और स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया तथा कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बालूमाथ एवं आसपास के क्षेत्रों के निवासियों ने प्रशासन से देवेंद्र नाथ महतो की शीघ्र एवं सकुशल रिहाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक पहल नहीं की गई, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

### हंटरगंज में मनाया गया 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

# योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहरः अनूप

### विद्यार्थियों-अभिभावकों ने किया योगाअभ्यास

**संवाददाता**

**चतराः** जिले के हंटरगंज प्रखंड मुख्यालय के रामनारायण प्लस टू उच्च विद्यालय मैदान परिसर में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पतंजलि योग समिति एवं आयुष विभाग के कर्मचारियों ने योगासन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य अनूप कुमार ने किया। कार्यक्रम प्रातः 6:30 से 7:30 बजे तक योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं के अलावा ग्रामीणों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्राचार्य अनूप कुमार ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हमारी दिनचर्या में योग को शामिल करना चाहिए। रोजाना प्रातः कालीन योग क्रिया करने से शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है तथा बहुत सी बीमारियों का इलाज भी योग द्वारा संभव है। उन्होंने आगे कहा कि योग भारतीय संस्कृति की



अमूल्य धरोहर है, तथा स्वस्थ शरीर और स्वस्थ अंग के लिए जरूरी है। योग का संचालन पतंजलि योग समिति के अभय कुमार सिंह ने की।बता दें कि योग हमारे भारत की पहचान है जो कई सदियों से भारत में किया जाता रहा है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रतिवर्ष 21 जून को मनाया जाता है। यह दिन उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे लम्बा दिन होता है। हमारे देश की पहल के बाद 11 दिसम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र के 177 सदस्यों द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली। मौके पर शिक्षक डॉ। पुरुषोत्तम कुमार सिंह,उमेश कुमार,आशुतोष कुमार सिन्हा, वासिफ राजा,सुमन कुमार मुंडा,अनीता पासवान, अनीता सहित अन्य शिक्षकों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान

## धनबाद में दिनदहाड़े आटा मिल कर्मी की गोली मारकर हत्या

**धनबादः** अपराधियों ने एक बार फिर पुलिस को खुली चुनौती दी है। गोंदूडीह ओपी क्षेत्र के खेरकाबाद में रविवार दोपहर बाइक सवार बदमाशों ने एक आटा मिल कर्मी की सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी। कर्मी ग्राहकों से पैसे का कलेक्शन कर वापस लौट रहा था। वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस लूट और पुरानी रंजिश समेत सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।
वारदात खेरकाबाद स्थित 7 नंबर हिलटॉप आउटसोर्सिंग के पास हुई। मृतक की पहचान झरिया थाना क्षेत्र के बस्ताकोला निवासी 45 वर्षीय उमेश यादव के रूप में हुई है। उमेश गोधर स्थित एक आटा मिल में पिछले कई वर्षों से काम कर रहे थे और ग्राहकों से पैसे का कलेक्शन करने की जिम्मेदारी संभालते थे। रविवार सुबह भी वह कलेक्शन के लिए निकले थे। दोपहर में मिल लौटने के दौरान पहले से घात लगाए बाइक सवार अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली लगते ही उमेश सड़क पर गिर पड़े और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। दिनदहाड़े हुई इस हत्या से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर गोंदूडीह ओपी, भूली ओपी और केंदुआडीह थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर साक्ष्य जुटाए और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू की।
घटना की खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के भाई ने हत्या के पीछे पुरानी रंजिश की आशंका जताई है। वहीं आटा मिल संचालक रतन अग्रवाल ने बताया कि उमेश यादव पिछले सात-आठ वर्षों से उनके यहां कार्यरत थे और रविवार को भी पैसे के कलेक्शन के लिए निकले थे। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि उनके पास कितनी नकदी थी और क्या कोई रकम गायब हुई है। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण एसपी एस मोहम्मद याकूब भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# नशे की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

**संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला के चौपारण थाना क्षेत्र में पुलिस ने अफीम तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 1.550 किलोग्राम अफीम, 7 लाख रुपये नकद, एक चार पहिया वाहन और मोटरसाइकिल जब्त की है। वहीं, इस कार्रवाई के दौरान एक आरोपी फरार होने में सफल रहा।
पुलिस के अनुसार, हजारीबाग पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि बरही क्षेत्र से कुछ लोग चौपारण में अफीम की खरीद-बिक्री के लिए पहुंचने वाले हैं। सूचना के आधार पर पुलिस उपाधीक्षक (सीसीआर) के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया।
टीम ने चौपारण थाना क्षेत्र के चतरा मोड़ के आगे लोहावर के पास वाहन जांच अभियान शुरू किया। इसी दौरान बरही की ओर से आ रही एक सफेद रंग की गाड़ी को पुलिस ने रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर चालक ने वाहन मोड़कर भागने का प्रयास किया लेकिन टीम ने तत्परता दिखाते हुए वाहन में सवार दो लोगों को पकड़ लिया।




गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पुना राम और रामलाल के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान गाड़ी की बीच वाली सीट से प्लास्टिक में छिपाकर रखा गया 7 लाख रुपये नकद बरामद किये गये। पूछताछ में दोनों ने पुलिस को बताया कि वे ग्राम अहरी निवासी अरविंद कुमार से अफीम खरीदने जा रहे थे।
इसके बाद पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर ग्राम अहरी में छापेमारी की। यहां राहुल कुमार खरवार के घर से अलग-अलग प्लास्टिक पैकेट में रखी 1।550 किलोग्राम अफीम बरामद की गई। पुलिस ने राहुल कुमार को मौके से गिरफ्तार कर लिया, जबकि अरविंद कुमार पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस ने बाइक जब्त कर ली है। इस मामले में चौपारण थाना में कांड संख्या 157/26 दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 17(सी), 18(बी), 21(सी), 22(सी) और 29 समेत अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। गिरफ्तार तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।